आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

नये जमाने के साथ

# यश भारत

● वर्ष- 15 अंक 342- ● जबलपुर ● मंगलवार, 18 जनवरी, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● माघ कृष्ण पक्ष-1 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें

WWW.yashbharat.co.in

## पूर्वोत्तर के दो राज्यों में भूकंप के झटके

**नई दिल्ली।** पूर्वोत्तर के दो राज्यों में मंगलवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। मिजोरम में सुबह 7 बजकर 52 मिनट पर भूकंप आया। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के मुताबिक, रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4.3 दर्ज की गई। भूकंप का केंद्र यहां के नगेपा इलाके से 46 किमी पूर्वोत्तर दिशा में था।

## नहीं थम रहा ठंड का कहर, कांप रहा मप्र

**नई दिल्ली।** मौसम साफ होने के बाद कोहरा छंट गया। उत्तरी राज्य ही नहीं, मध्य भारत में भी सुबह की शुरुआत घने कोहरे के साथ हुई।देश की राजधानी दिल्ली में कड़कड़ाती ठंड और सर्द हवाओं का दौर से लोग बेहाल है। मौसम विभाग के अनुसार जम्मू-कश्मीर और उत्तर भारत के पहाड़ी इलाकों में हो रही जबरदस्त भारी बर्फबारी के चलते दिल्ली के तापमान पर भी इसका असर देखने को मिल रहा है। मध्यप्रदेश में भी ठंड का दौर थमने का नाम नहीं ले रहा है। प्रदेश की राजधानी 21 घंटे कोहरे की चादर से ढंकी रही। 11 घंटे ओस गिरती रही। मौसम वैज्ञानिक पीके साहा ने बताया कि राजधानी में 10 साल बाद जनवरी के मौसम में ऐसी नौबत आई।



## 26 को पीएम मोदी को टारगेट कर साजिश रच रहे आतंकी

**नई दिल्ली।** खुफिया एजेंसियों को गणतंत्र दिवस पर संभावित आतंकी साजिश के बारे में अलर्ट मिला है। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अन्य गणमान्य व्यक्तियों की जान को खतरा बताया गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, नौ पत्रों की खुफिया जानकारी में पीएम मोदी और उन हस्तियों के लिए खतरा बताया गया है जो भारत के 75वें गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होंगे। गणतंत्र दिवस पर पांच मध्य एशियाई देशों- कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान और उजबेकिस्तान के नेताओं को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किए जाने की संभावना है। नोट में बताया गया है कि यह खतरा पाकिस्तान/अफगानिस्तान-पाकिस्तान के बाहर स्थित गुटों से है।रिपोर्ट के मुताबिक, आतंकी संगठनों का उद्देश्य बड़ी हस्तियों को टारगेट करना, सार्वजनिक सभाओं, महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों और भीड़-भाड़ वाले इलाकों में अशांति फैलाना है।



## एजु-टेक कंपनियों-कॉलेजों के जॉइंट कोर्स से सतर्क रहें

**नई दिल्ली।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) और अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) ने यूनिवर्सिटी, कॉलेजों सहित अन्य शिक्षण संस्थानों को एजु-टेक कंपनियों से मिलकर दूरस्थ और ऑनलाइन मोड में कोर्स चलाने पर चेतावनी दी है। दोनों उच्च शिक्षा नियामकों ने कहा है कि यूनिवर्सिटी, कॉलेज या संस्थान को किसी भी फ्रेंचाइजी से समझौता कर पाठ्यक्रम चलाने की अनुमति नहीं है। यह नियमों का उल्लंघन है।छात्र-अभिभावकों को सुझाव दिया है कि दाखिले से पहले यूजीसी और एआईसीटीई की वेबसाइट पर मान्यता स्थिति की जांच अवश्य करें। यूजीसी सचिव रजनीश जैन ने जारी आदेश में कहा है कि उच्च शिक्षण संस्थान किसी फ्रेंचाइजी व्यवस्था के तहत मुक्त, दूरस्थ या ऑनलाइन पाठ्यक्रम नहीं चला सकते। ऐसी कंपनियों और संस्थानों पर कार्रवाई की जाएगी।




## आज रात दुर्लभ घटना पृथ्वी के करीब से गुजरेगा एस्टेराइड

नैनीताल । विश्वभर के खगोल विज्ञानी मंगलवार को बहुत सतर्क रहने वाले हैं। वजह है बहुत अधिक रफ्तार से एक बेहद विशाल एस्टेरॉइड के पृथ्वी की देहरी तक आ जाने की दुर्लभ घटना। भारतीय समय के अनुसार मंगलवार की रात करीब 3:21 बजे कुतुबमीनार से 11 गुना बड़ा एक किमी (3280 फुट) लंबा एस्टेरॉइड करीब 20 किमी प्रति सेकंड की रफ्तार से पृथ्वी से 19 लाख किमी की दूरी से गुजरेगा। इस एस्टेरोइड का नाम (7482) 1994 पीसी-1 है।अंतरिक्ष के हिसाब से यह दूरी बहुत ही कम है और आमतौर पर एस्टेरॉइड इससे कई गुना ज्यादा दूरी से ही गुजर जाते हैं। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने इसके विशाल आकार और गति को देखते हुए इसे संभावित खतरनाक एस्टेरॉइड की श्रेणी में रखा है। इस एस्टेरॉइड की खोज ऑस्ट्रेलिया की वेधशाला से 1994 में खगोलविद रॉबर्ट मैकनॉट ने की थी।



# कोरोना से मप्र में 3 और मौतें

## इंदौर में 2106, भोपाल में 1339 और जबलपुर में 453 नए केस आए

**भोपाल।** 24 घंटे में मध्यप्रदेश में 7154 पॉजिटिव केस मिले। एक्टिव केस बढ़कर 39450 हुए। 988 अस्पताल में भर्ती हैं। 239 कोविड केयर सेंटर में इलाज करा रहे हैं। पॉजिटिविटी रेट 9.72प्रतिशत हो चुकी है। इंदौर में कोरोना ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। सोमवार रात आई रिपोर्ट में 2106 पॉजिटिव मिले। यह अब तक का रिकॉर्ड है। एक की मौत भी दर्ज की गई है। भोपाल में 1339 कोरोना पॉजिटिव मिले। जबलपुर में भी 453 नए केस आए हैं। एक संक्रमित ने दम तोड़ दिया। रीवा में भी एक मौत दर्ज की गई है। सागर में सोमवार को 307 कोरोना की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई। इसके अलावा भोपाल संभागायुक्त गुलशन बामरा की रिपोर्ट भी पॉजिटिव आई है। ग्वालियर के सिंधिया स्कूल फोर्ट में लगातार तीसरे दिन कोरोना विस्फोट हुआ है। यहां 24 घंटे में 28 और कर्मचारी संक्रमित मिले हैं। सभी होम आइसोलेट कर दिए गए हैं। एक दिन पहले 49, दो दिन पहले 11 संक्रमित मिल चुके हैं। जय विलास म्यूजियम के भी 24 वर्कर संक्रमित आए हैं। ग्वालियर में 524 कोविड संक्रमित मिले हैं। 458 संक्रमित ग्वालियर और 57 अन्य शहरों से हैं। इंदौर में दो एडीसीपी समेत 44 पुलिसकर्मी संक्रमित इंदौर में तीसरी लहर में सोमवार तक पुलिस विभाग में 44 लोग संक्रमित हो चुके हैं।



### 24 घंटे में 2.35 लाख मामले सामने आए, 305 मरीजों की मौत, लगातार दूसरे दिन घटे केस

**नई दिल्ली।** देश में लगातार दूसरे दिन कोरोना के मामले घटे हैं। सोमवार को देर रात तक कोरोना के मामलों की संख्या 2 लाख 35 हजार 168 थी। इस दौरान 305 लोगों की मौत हुई। 1 लाख 56 हजार 534 मरीज ठीक भी हुए। देश में फिलहाल एक्टिव केस की कुल संख्या 17 लाख 28 हजार 490 है। इससे पहले रविवार को 2 लाख 58 हजार 89 नए केस दर्ज किए गए थे। 385 लोगों की मौत हुई थी। 1 लाख 51 हजार 740 मरीज ठीक हुए थे।

### पूरी जिंदगी नहीं लगाना पड़ेगा मास्क

**नई दिल्ली।** दुनिया भर में फैली कोरोना महामारी का अभी अंत नहीं दिख रहा है। यह भी नहीं कहा जा सकता है कि कब तक हम लोगों को मास्क लगाना पड़ेगा और सावधानियां बरतनी पड़ेंगी। लेकिन इतना तय है कि हमें पूरी जिंदगी मास्क नहीं लगाना होगा और जल्दी ही इस महामारी पर काबू पा लिया जाएगा। वर्ल्ड इकनॉमिक फोरम को संबोधित करते हुए अमेरिका के महामारी विशेषज्ञ एंथनी फाउची ने सोमवार को यह बात कही। उन्होंने कहा कि कोविड-19 महामारी जल्द खत्म होने वाली नहीं है। ओमिक्रॉन इसका आखिरी स्वरूप नहीं होगा। इसके साथ ही उन्होंने इस संभावना से भी इनकार किया कि कोविड के चलते लोगों को हमेशा मास्क पहनना पड़ेगा।

## मप्र में ऑफलाइन होंगी कालेजों की परीक्षाएं

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में कॉलेजों की परीक्षाएं ऑफलाइन होंगी। इस बात के संकेत आज प्रदेश के गृह मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने दिए। उन्होंने कहा कि अधिकांश कॉलेज विद्यार्थियों को कोरोना टीका लग चुका है। इसके अलावा एक बार में 300 परीक्षार्थी बैठते है तो पर्याप्त स्पेस के साथ कोरोना गाइडलाइन का पालन कराते हुए ऑफलाइन परीक्षाए कराई जा सकती है।गृह मंत्री डॉ मिश्रा ने कहा कि यदि परीक्षा के दौरान कोई छात्र या छात्रा संक्रमित होता है तो उसे अगले सेमेस्टर के लिए अवसर मिल सकता है। एक और मौका उसे परीक्षा के लिए दे सकते हैं। एग्जाम कोरोना प्रोटोकॉल को ध्यान में रखकर कराए जाएंगे।कॉलेजों में ष्टह्रङ्कढ्ढष्ठ गाइडलाइन का पालन करते हुए छात्र परीक्षा दे सकते हैं। अगर कोई छात्र-छात्रा कोरोना संक्रमित होता है तो वह स्वस्थ होने के बाद परीक्षा दे सकता है।

## बांधवगढ़ और कान्हा नेशनल पार्क में एयर सफारी होगी शुरू

**भोपाल ।** मध्य प्रदेश के बांधवगढ़ और कान्हा नेशनल पार्क में एयर सफारी की शुरुआत की जाएगी। इसकी योजना तैयार कर ली गई है। इसको लेकर एरो स्पोर्टस एंड एडवेंचर्स कंपनी के सीइओ मनीष सैनी ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात की और योजना के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि एयर सफारी के लिए दो से 14 सीटर एयर क्राफ्ट उपयोग में लाए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने इस पहल की प्रशंसा की और उम्मीद जताई कि कोरोना की लहर थमते ही पर्यटन की गतिविधियों का विस्तार होगा। मंत्रालय में हुई इस मुलाकात में सैनी ने बताया कि एयर सफारी में जो एयर क्राफ्ट उपयोग में लाए जाएंगे, उनका निर्माण भी मध्य प्रदेश में हो, इसके प्रयास किए जा रहे हैं। विमानन विभाग के सहयोग से दो माह में इस पर काम शुरू करने की योजना है। इसके साथ ही प्रथम स्पोर्टस एयर क्राफ्ट एयर शो करने पर भी विचार किया जा रहा है। एयर सफारी प्रारंभ होने से नेशनल पार्क के भ्रमण के लिए आने वाले पर्यटक हवाई पर्यटन का भी आनंद ले सकेंगे।



## अमेरिका में बैठे-बैठे दो भाइयों ने कानपुर में अपना घर को लुटने से बचाया

**कानपुर।** टेक्नोलॉजी का आज के समय में कितना विकास हो चुका है यह बात कानपुर की एक घटना से साफ होती है, जहां दो भाइयों ने अमेरिका से बैठे-बैठे अपने कानपुर स्थित घर को लुटने से बचा लिया। जानकारी के अनुसार कानपुर के श्याम नगर निवासी हरिओम अवस्थी, विजय अवस्थी अमेरिका में इंजीनियर के पद पर तैनात हैं। उन्होंने अपने घर को सुरक्षित रखने के लिए मोशन सेंसर कैमरा लगाए हैं। सोमवार देर रात उनके घर में कुछ चोर घुस गए। जो कैमरे में कैद हो गए। अमेरिका से विजय ने पड़ोसी को फोन कर बताया कि उनके घर में चोर घुसे हैं। सूचना से इलाके में हड़कंप मच गया। आनन-फानन डीसीपी पूर्वी के साथ भारी संख्या में फोर्स पहुंची। मुठभेड़ में एक चोर को पैर में गोली लगी है।विजय की बर्रा और यशोदा नगर में दो बहनें रहती हैं। उन्होंने बताया कि, रात करीब 12:00 बजे भैया का फोन आया था। नेट ऑफ होने की वजह से उन्हें पता नहीं चला जब देखा तो फौरन उनसे बात की, जिस पर पता चला कि घर में चोर घुसे हैं। इसके बाद वह चाबी लेकर श्याम नगर पहुंचीं। पुलिस ने चाबी से घर का ताला खोलकर पूरे घर की तलाशी ली। डीसीपी पूर्वी ने बताया घायल अवस्था में एक बदमाश को हैलट में भर्ती कराया गया है बाकी दो फरार हो गए हैं।



टेक्नोलॉजी का कमाल

## नोटों की बारिश के लिए बाघ की खाल लेकर कर रहे थे तंत्र साधना, दो तांत्रिक अरेस्ट

**छिंदवाड़ा।** छिंदवाड़ा से वन विभाग की टीम ने तंत्र साधना से नोटों की बारिश का दावा करने वाले तांत्रिकों समेत कई लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से बाघ की खाल भी बरामद हुई है। वन विभाग की टीम ने बालाघाट जिले के लामता वन परिक्षेत्र अंतर्गत चांगोटोला से तंत्र साधना करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया था। चांगोटोला में गिरफ्तार हुए तांत्रिक सीताराम और रामराज की निशानदेही पर वन विभाग की टीम ने सोमवार को छिंदवा ?ा के हर्रई थाना क्षेत्र के शिवराज, सेवन शाह, समन समेत 40 लोगों को गिरफ्तार किया है।

## बाल-बाल बचे- अब पटरी से उतरी वास्को-डी-गामा हावड़ा अमरावती एक्सप्रेस, सभी यात्री सुरक्षित

**करेलकाता ।** कोलकाता के बाद एक बार फिर बड़ा रेल हादसा होते बचा। जानकारी के मुताबिक, मंगलवार सुबह 8:56 बजे वास्को-डी-गामा हावड़ा अमरावती एक्सप्रेस पटरी से उतर गई। न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक, गोवा में दूधसागर और कारंजोल के पास ट्रेन के लोको के अगले पहिए पटरी से उतर गए, जिस कारण यह हादसा हुआ।इस हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।







## पीडब्ल्यूडी के एसडीओ और सब इंजीनियर एक- एक लाख की रिश्वत के साथ धराए



लोकायुक्त टीम के साथ दोनों आरोपी

### छिंदवाड़ा में लोकायुक्त की बड़ी कार्यवाही

जबलपुर यश भारत । जबलपुर लोकायुक्त टीम ने छिंदवाड़ा में बड़ी कार्यवाही को अंजाम देते हुए एसडीओ पीडब्ल्यूडी और सब इंजीनियर को एक एक लाख की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ दबोच लिया । दोनों अधिकारी टेंडर के 3 लाख रुपए निकालने की एवज में 2 लाख 40 हजार की मांग कर रहे थे । पीड़ित की शिकायत पर कार्रवाई को अंजाम दिया गया। जानकारी अनुसार श्रीचंद्र चोरिया पिताश्री स्वर्गीय दीपक लाल चोरिया उम्र 51 वर्ष निवासी श्री राम कॉलोनी चंदन गांव छिंदवाड़ा ने शिकायत की थी कि विजय चौहान एसडीओ पीडब्ल्यूडी छिंदवाड़ा और सब इंजीनियर हाथ में पुंज पीडब्ल्यूडी छिंदवाड़ा रोड साइड साइन बोर्ड लगाने के टेंडर के 3 लाख रुपये के बिल निकलने के एवज में-2लाख 40 हजार रुपये रिश्वत की मांग कर रहे जिसके बाद लोकायुक्त ने 18 जनवरी 2022 को उनके निवास स्थान क्रमस: टीचर्स कॉलोनी खजरी चौक छिंदवाड़ा एवं रघुपुराम कॉलोनी परतला परासिया रोड छिंदवाड़ा से पैसों के साथ दबोच लिया।

### इन्होंने की कार्रवाई

पुलिस अधीक्षक जेपी वर्मा ,निरीक्षक कमल सिंह उईके निरीक्षक नरेश बहरा ,आरक्षक अमित मंडल ,विजय बिष्ट, अंकित दहिया, गोविंद सिंह राजपूत महिला आरक्षक लक्ष्मी रजक शामिल रही।

### चिकित्सा विशेषज्ञों के 25 प्रतिशत पदों पर होगी सीधी भर्ती

# घरेलू हिंसा की पीड़िता को मप्र सरकार देगी चार लाख

**भोपाल ।** मध्य प्रदेश में घरेलू हिंसा की पीड़ित बालिका या महिला को मध्य प्रदेश सरकार आर्थिक सहायता देगी। इसके लिए घरेलू हिंसा की पीड़िता के लिए नई सहायता योजना लागू की जाएगी। महिला एवं बाल विकास विभाग ने इसका प्रस्ताव तैयार किया है, जिसे मंगलवार को होने वाली कैबिनेट बैठक में प्रस्तुत किया जाएगा। इसमें पीड़िता को शरीर के किसी भी अंग की क्षति 40 प्रतिशत से कम होने पर दो लाख और इससे अधिक होने पर चार लाख रुपये तक सहायता दी जाएगी। वहीं, चिकित्सा विशेषज्ञ के रिक्त पदों को भरने के लिए 25 प्रतिशत पद अब सीधी भर्ती के माध्यम से भरे जाएंगे। शेष पदों पर क्रमोन्नति का लाभ दिया जाएगा। कैबिनेट में 18 प्रस्तावों पर विचार किया जाएगा। महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में मध्य प्रदेश अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना लागू है लेकिन इसमें सभी प्रकार की हिंसा शामिल हैं।



### 3618 विशेषज्ञ के पद में से 2899 पद

बैठक में स्वास्थ्य विभाग में विशेषज्ञ के 25 प्रतिशत पदों की पूर्ति सीधी भर्ती के माध्यम से करने के प्रस्ताव पर विचार किया जाएगा। मध्य प्रदेश में 3618 विशेषज्ञ के पद में से 2899 पद रिक्त हैं। विभाग ने विशेषज्ञों के 25 प्रतिशत यानी 904 पद सीधी भर्ती के माध्यम से भरने का प्रस्ताव तैयार किया। साथ ही पीजी चिकित्सकों को विभाग की सेवाओं के लिए आकर्षित करने के लिए चिकित्सा अधिकारी के पद पर कार्यग्रहण करने के दो साल बाद क्रमोन्त वेतनमान स्वीकृत किया जाएगा। इसी तरह पांच स्वशासी इंजीनियरिंग कालेज और 67 पालीटेक्निक में अतिथि व्याख्याता को प्रतिमाह 30 हजार रुपये मानदेन देने का प्रस्ताव है।

### मंदिर में चढ़ रही थी बलि

## बकरे की जगह उसे पकड़ने वाले की गर्दन काट दी

**नई दिल्ली।** ऐसा कई बार देखा जाता है जब त्यौहारों के दौरान लोग अपनी आस्था के चलते जानवरों की बलि चढ़ा देते हैं। कई बार बलि के दौरान कुछ ऐसे मामले सामने आ जाते हैं जो चर्चित हो जाते हैं। ऐसा ही एक मामला हाल ही में आंध्र प्रदेश से सामने आया है जहां त्यौहार के अवसर पर बकरे की बलि चढ़ाई जा रही थी लेकिन जो शख्स बकरे की गर्दन काटने वाला था उसने बकरे की बजाय उस शख्स की गर्दन काट दी तो उस बकरे को पकड़े हुए था।दरअसल, यह घटना आंध्र प्रदेश के चित्तूर की है। न्यू इंडियन एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट के मुताबिक, यहां स्थित वलसापल्ले के एक मंदिर में संक्रांति के अवसर पर बलि का आयोजन किया जा रहा था। बताया गया कि यहां आसपास के लोग हर साल संक्रांति समारोह के दौरान जानवरों की बलि देते हैं और स्थानीय येल्लम्मा मंदिर में चढ़ाते हैं। हमेशा की तरह इस बार भी यहां इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा था। इस कार्यक्रम के लिए एक बकरे को लाया गया था।

## युवक को प्रेमिका के पिता ने जिंदा जलाया, गंभीर

**भोपाल, ।** रीवा जिले के चाकघाट थाना अंतर्गत मलतार गांव में एक युवक अपनी प्रेमिका से मिलने गया था जिससे नाराज प्रेमिका के पिता ने उसे जिंदा जलाने की कोशिश की। युवक को गंभीर हालत में रीवा के संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपी प्रेमिका के पिता को हिरासत में ले लिया है। बताया जाता है कि रीवा जिले के चाकघाट थाना अंतर्गत मलतारा गांव में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जंहा पर प्रेमी से मिलने गए सोहागी थाना अंतर्गत डेढ़रा गांव के रहने वाले रामाश्रय कोल नाम के युवक को प्रेमी के पिता ने जिंदा जला दिया। जिस महिला से युवक मिलने गया था उस महिला को उसके पति ने छोड़ दिया है। वह उससे प्रेम करने लगा है और अक्सर मिलने जाता रहता था। इस पर महिला के पिता ने शादी होने तक मिलने से रोका था। शादी से पहले युवक का बार-बार घर आना उसके पिता को पंसद नहीं था।

# सूर्य आत्मा जगतस्तस्थुषश्च :ब्र.सुबुद्धानंद महाराज

**जबलपुर। बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य मठ में विश्व कल्याण के लिए संपूर्ण पौष मास मैं चल रहे इस महा सूर्य अर्चन में परम पूज्य ब्रह्मचारी चैतन्यानंद ने पौष मास की पूर्णिमा के दिवस एवं शाकंभरी जयंती के शुभ अवसर पर भगवान शिव का वैदिक ब्राह्मणों द्वारा दुग्ध अभिषेक बिल्वपत्र अर्चन एवं विधि विधान से पूजा किया गया।**



तत्पश्चात् भगवान सूर्यनारायण का 5100 गुलाब पुष्पों के द्वारा अर्चन एवं वहां पूजा किया गया तथा 108 महा आरती की गई जो कि परम पूज्य द्विपीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज के निजी सचिव एवं मध्य प्रदेश मठ मंदिर सलाहकार समिति के अध्यक्ष ब्रह्मचारी सुबुद्धानंद जी महाराज द्वारा एवं उनके सानिध्य में यह दिव्य कार्यक्रम संपूर्ण हुआ। परम पूज्य ब्रह्मचारी जी ने बताया कि सूर्य सर्वरोग हर्ता है। उन्होंने भगवान सूर्य के समस्त महत्व को बताते हुए कहा भगवान सूर्यनारायण पंचायतन पूजा में भी प्रमुख है क्योंकि वह प्रत्यक्ष रूप से हमारे सामने है सूर्य भगवान तीनों लोकों को प्रकाशमय करते हैं उनके बिना यह सारा संसार अंधकारमय हो जाता सूर्य का शब्दार्थ है सर्व प्रेरक सर्व प्रवर्तक होने से सर्व कल्याणकारी हैश्रीमद्भागवत पुराण के अनुसार सूर्य के रथ का एक चक्र संवत्सर कहलाता है वैदिक साहित्य में ही नहीं आयुर्वेद ज्योतिष हस्तरेखा शास्त्रों में सूर्य का महत्व प्रतिपादित किया गया है भगवान सूर्यनारायण को हमारा शत-शत प्रणाम है। ब्रह्मचारी सुबुद्धानंद महाराज ने यह भी बताया कि लिए प्रतिदिन बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य मठ में प्रतिदिन सूर्य अर्चन किया गया। इस कार्यक्रम में नगर ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष अखिलेश त्रिपाठी मधु यादव वीके पटेल अभिजातकृष्ण त्रिपाठी आलोक मिश्रा आशुतोष दीक्षित मनीष पांडे मनोज सेन श्रीमती पदमा मैनन दुर्गा पटेल बृजेश दुबे वीरेंद्र सोनकर श्रीमती नीता पटेल श्रीमती रिचा मिश्रा आशीष चौकसे आदि समस्त भक्त उपस्थित थे।

# खाली प्लॉट पर कचरा फेंका तो लगेगा जुर्माना

जबलपुर। खाली प्लॉट और खुली जगह में कचरा फेंक कर गंदगी करने वालों के विरुद्ध अब नगर निगम के द्वारा निरंतर अभियान चलाकर उनके विरुद्ध जुर्माना एवं चालानी कार्यवाही की जाएगी। निगमायुक्त आशीष वशिष्ठ के निर्देश के बाद मंगलवार से इसका अभियान प्रारंभ होगा। निगमायुक्त आशीष वशिष्ठ ने बताया कि शहर में आमतौर पर देखने में आ रहा है कि कुछ लोगों के द्वारा अपने घरों का कचरा खाली प्लॉट एवं खुली जगहों पर फेंक कर गंदगी करते हैं अब कचरा फेंकने वालों के साथ-साथ खाली प्लॉट के मालिकों के विरुद्ध भी जुर्माना एवं चालानी कार्यवाही की जाएगी जिसके लिए स्वास्थ्य अधिकारी एवं सभी सहायक स्वास्थ्य अधिकारियों एवं मुख्य स्वच्छता निरीक्षकों को निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के द्वारा खुली प्लॉटों एवं खुली जगहों पर कचरा फेंकने वालों एवं प्लॉट मालिकों को निरंतर समझाइश दी जा रही है इसके बाद भी उन पर कोई असर नहीं हो रहा है ऐसे व्यक्तियों के विरुद्ध अब नियमानुसार जुर्माना एवं चालानी कार्यवाही कर उनसे जुर्माने की राशि वसूली जाएगी। निगमायुक्त आशीष वशिष्ठ ने शहर के सभी सम्माननीय नागरिकों से अपील की है कि वे अपने घर का कचरा खाली प्लॉट एवं खुली जगहों पर न फेंके एवं निर्धारित कचरा पॉइंट अथवा घरों पर आने वाले डोर टू डोर कचरा कलेक्शन वाहनों को ही कचरा देकर जिम्मेदार नागरिक होने का परिचय दें।



# हर पॉजिटिव आने वाले के घर का करें व्हेरीफिकेशन

**होम आइसोलेशन के नियमों का उल्लंघन करने वालों पर दर्ज करायें एफआईआर**

**जबलपुर।** शहर में कोरोना के बढ़ते संक्रमण के मद्देनजर कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने आज शाम सभी इंसीडेंट कमांडरों एवं नगर निगम के जोन वार गठित दल प्रभारियों की बैठक लेकर प्रत्येक कोरोना पॉजिटिव के घर का व्हेरीफिकेशन करने तथा होमाइसोलेशन की पर्याप्त सुविधा न होने पर उन्हें तत्काल कोविड केयर सेंटर शिफ्ट करने के निर्देश दिये हैं। श्री शर्मा ने बैठक में होमाइसोलेशन में रह रहे कोरोना संक्रमितों पर कड़ी निगरानी रखने तथा नियमों का उल्लंघन करने पर उनके विरुद्ध जानबूझकर संक्रमण फैलाने के आरोप में एफआईआर दर्ज कराने के भी निर्देश इंसीडेंट कमांडरों को दिये। उन्होंने कहा कि शहर में कोरोना संक्रमण के तेजी से बढ़ रहे प्रकरणों की बड़ी वजह पॉजिटिव पाये गये व्यक्ति के फर्स्ट कांटेक्ट में आने वाले व्यक्तियों का संक्रमित होना है। इसका साफ मतलब है कि होमाइसोलेशन में रहने वाले व्यक्ति प्रोटॉकाल का पालन नहीं कर रहे हैं और उनके साथ उनके परिवार के अधिकांश सदस्य भी पॉजिटिव हो रहे हैं।कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुई इस बैठक में नगर निगम आयुक्त आशीष वशिष्ठ, अपर कलेक्टर शेर सिंह मीणा एवं सीएमएचओ डॉ रत्नेश कुररिया भी मौजूद थे। कलेक्टर ने बैठक में कहा कि कोरोना पॉजिटिव पाये जाने वाले प्रत्येक व्यक्ति को दवाओं की किट तत्काल पहुंचाना सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कोरोना संक्रमितों व्हेरीफिकेशन के साथ घरों पर स्टीकर लगाने एवं आसपास सेनीटाइजेशन करने के निर्देश भी दिये। श्री शर्मा ने कहा कि होम आइसोलेशन में स्वास्थ्य लाभ ले रहे कोरोना संक्रमितों से कोरोना कण्ट्रोल रूम द्वारा वीडियो कॉलिंग के जरिये भी नजर रखी जाये। श्री शर्मा ने कहा कि यदि इन उपायों पर हम सख्ती से अमल कर पाये तो तेजी से फैल रहे कोरोना संक्रमण की रफ्तार को कम कर सकेंगे। कलेक्टर ने बैठक में इंसीडेंट कमांडरों से कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्र के फीवर क्लीनिकों पर नियमित निगरानी रखें तथा सेम्पल की संख्या बढ़ाएं। श्री शर्मा ने कहा कि फीवर क्लीनिक के अमले को आसपास की दुकानों, चाय-पान के ठेलों और भीड़ वाले स्थानों पर रैंडम सेम्पलिंग करने के निर्देश भी दिये। उन्होंने मास्क पहनने और फिजिकल डिस्टेंसिंग जैसे कोरोना की रोकथाम के अनुकूल व्यवहार का सख्ती से पालन कराने हिदायत भी अधिकारियों को दी।

# प्री-बोर्ड एग्जाम 20 जनवरी से

## 10th-12th के स्टूडेंट्स को स्कूल जाकर पेपर लेना होगा

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश में 10वीं और 12वीं के प्री-बोर्ड एग्जाम घर से ही देना होंगे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के ऐलान के बाद स्कूल शिक्षा विभाग ने 20 जनवरी से इसे शुरू करने का शेड्यूल जारी कर दिया है। 10वीं और 12वीं के बच्चों को स्कूल से प्रश्नपत्र और उत्तर पुस्तिकाएं मिलेंगी। घर में बैठकर परीक्षा देने के बाद तय समय पर उत्तर पुस्तिकाएं स्कूल में जमा करनी होंगी। 9वीं और 11वीं क्लास के स्टूडेंट्स को अपनी होमवर्क कॉपी में प्रश्न बैंक से उत्तर हल करना होगा। उनका यही प्री-एग्जाम है।

# ग्राहकों के खाते में 237 रुपये आ रही सब्सिडी ऐसे करें चेक

जबलपुर। गैस सिलेंडर ग्राहकों के लिए खुशखबरी है। एलपीजी गैस सिलेंडर के लिए उपभोक्ताओं को फिर से सब्सिडी दी जा रही है। सब्सिडी का पैसा ग्राहक के खाते में ट्रांसफर कर दिया गया है।हालांकि कुछ ग्राहकों को 158.52 रुपये या 237.78 रुपये (एलपीजी सब्सिडी) मिल रही है। इसके चलते अभी भी असमंजस की स्थिति बनी हुई है। बता दें कि पिछले कुछ दिनों से ऐसी घटनाएं हुई हैं जहां ग्राहकों के खातों में सब्सिडी नहीं दी जा रही है. लेकिन अब शिकायतें आना बंद हो गई हैं।आपको बता दें कि गैस सब्सिडी के पैसे चेक करने के दो तरीके हैं। पहला पंजीकृत मोबाइल नंबर के माध्यम से और दूसरा एलपीजी आईडी के माध्यम से जो आपकी गैस पासबुक में उल्लेखित है।



### आइए जानते हैं क्या है प्रोसेस

सबसे पहले आप द्धह्लह्लश्च://द्व4द्यश्चद्द.द्बठ्ठ/ पर जाएं और एलपीजी सब्सिडी ऑनलाइन पर क्लिक करें। यहां आपको तीन एलपीजी सिलेंडर कंपनी के टैब मिलेंगे। जिस कंपनी के पास सिलेंडर है उस कंपनी पर क्लिक करें। मान लीजिए आपके पास इंडेन गैस का सिलेंडर है तो इंडेन पर क्लिक करें। इसके बाद Complaints ऑप्शन को सेलेक्ट करने के बाद Ne&t बटन पर क्लिक करें। फिर आपके सामने आपके बैंक विवरण के साथ एक नया इंटरफ़ेस खुल जाएगा। विवरण दिखाएगा कि सब्सिडी का पैसा आपके खाते में आ रहा है या नहीं।

### सरकार सब्सिडी पर कितना खर्च करती है?

वित्त वर्ष 2011 में सब्सिडी पर सरकारी खर्च 3,559 रुपये था। वित्त वर्ष 2020 में यह खर्च 24,468 करोड़ रुपये था। दरअसल यह जनवरी 2015 में शुरू हुई डीबीटी योजना के तहत है जिसके तहत ग्राहकों को बिना सब्सिडी के एलपीजी सिलेंडर की पूरी राशि का भुगतान करना होता है।

# बिना टिकट सफर करने वालों से कमाए 100 करोड़ से ज्यादा

## जबलपुर रेल मंडल का चेकिंग अभियान

जबलपुर, । पश्चिम मध्य रेल से गुजरने वाली ट्रेनों में टिकट चेकिंग का लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में पश्चिम मध्य रेल के तीनों मण्डलों पर अप्रैल से दिसंबर 2021 तक टिकट चेकिंग स्टाफ ने 100 करो? कमा लिए। ट्रेनों में चलाए गए टिकट चेकिंग अभियान के जरिए अनियमित टिकट, बिना बुक किए सामान लेकर यात्रा करने वालों यात्रियों के विरुद्ध कुल 16.01 लाख प्रकरण दर्ज किए। जिनसे अतिरिक्त किराया एवं जुर्माना सहित 114.50 करो? रुपये कमाए। मुख्यालय के टिकट निरीक्षकों ने पमरे से प्रारंभ एवं गुजरने वाली सभी यात्री गाड़ियों में निरंतर टिकट जांच अभियान से अप्रैल से दिसंबर 2021 तक बिना टिकट/अन बुक्ड लगेज/अनियमित टिकट लेकर यात्रा करने वालों के विरुद्ध 0.27 लाख प्रकरण से रेलवे ने 02.12 करोड़ रुपये का जुर्माना यात्रियों से वसूल किया है। टिकट निरीक्षकों ने मण्डल से प्रारंभ एवं गुजरने वाली सभी यात्री गा?ियों में निरंतर टिकट जांच अभियान से अप्रैल 2021 से दिसंबर 2021 तक बिना टिकट/अनबुक्ड लगेज/अनियमित टिकट लेकर यात्रा करने वालों के विरुद्ध 07.57 लाख प्रकरण से रेलवे ने 58.76 करोड़ रुपये का जुर्माना यात्रियों से वसूल किया है।

# नई रचनाओं से सभी को लिखने कीमिलती है प्रेरणा

जबलपुर । वर्तिका ने कला, साहित्य, संस्कृति के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। वर्तिका की मासिक काव्य गोष्ठी से प्रत्येक माह नई रचनाओं को लिखने की प्रेरणा मिलती है। नया सृजन समसामयिक घटनाक्रमों की झलक प्रस्तुत करते हुए प्रेरणा देता है।यह बात वर्तिका संस्था की मासिक काव्य गोष्ठी में मुख्य अतिथि निर्मला तिवारी व अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ कवि राजेंद्र मिश्रा ने व्यक्त किए। समारोह के सारस्वत अतिथि प्रमोद तिवारी मुनि थे।वर्तिका के संयोजक विजय नेमा अनुज ने संस्थागत गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए नित नए सृजन की प्रेरणा दी। प्रमुख वक्ता राजेश पाठक प्रवीण ने कहा कि कविता से मन में उत्साह का संचार होता है। अच्छी बात यह है कि कोरोना काल में भी आनलाइन मंच की सहायता से रचनाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों को जारी रखा और उत्साह बनाए रखा।

# रादुविवि परीक्षाएं अब 27 जनवरी से

**जबलपुर** । रानी दुर्गावती विश्व विद्यालय में में 20 जनवरी से प्रारंभ होने वाली समस्त परीक्षाएं एक सप्ताह के लिए स्थगित की जाकर अब 27 जनवरी से प्रारंभ होंगी। कुलपति प्रो. कपिल देव मिश्र की अध्यक्षता एवं कुलसचिव प्रो. बृजेश सिंह की उपस्थिति में आयोजित बैठक में पूर्व में घोषित परीक्षाओं की समय सारणी को संभाग में तेजी से फैल रहे कोरोना संक्रमण को देखते हुए स्थगित करने और नई समय सारणी जारी करने का निर्णय लिया गया। परीक्षा समयसारणी में इस बात पर विशेष ध्यान दिया जायेगा कि एक दिन में केवल एक ही संकाय की परीक्षा आयोजित की जाये। बैठक में माननीय कुलपति प्रो. मिश्र ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिये कि आगामी परीक्षा में आयोजन के दौरान नई कोरोना गाईड लाईन का अक्षरशः पालन किया जाये। बैठक में संकायाध्यक्ष प्रो. राकेश बाजपेयी, प्रो. एस.एस. पाण्डेय, प्रो. सुरेन्द्र सिंह, प्रो. अलका नायक, प्रो. धीरेन्द्र पाठक, परीक्षा नियंत्रक प्रो. एन.जी. पेण्डसे, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. विवेक मिश्र एवं उपकुलसचिव डॉ. दीपेश मिश्रा उपस्थित रहे।



# एनएसयूआइ ने परीक्षाएं स्थगित करने पर दिया जोर

**जबलपुर,** । एनएसयूआई ने कोरोना की तीसरी लहर को गंभीरता से लेकर परीक्षाएं स्थगित किए जाने पर बल दिया है। छात्रसंघ उपाध्यक्ष अभिषेक सेठी व अदनान अंसारी ने बताया कि खतरे के बावजूद रादुविवि द्वारा परीक्षाएं आयोजित कराना छात्रों व अभिभावकों के साथ खिलवाड़ है। रादुविवि प्रशासन का यह अड़ियल रवैया अनुचित है। इसकी जितनी निंदा की जाए कम है। दीक्षांत समारोह में हुई त्रासदी के बावजूद विवि का सचेत न होना अत्यंत चिंताजनक है। यदि परीक्षाएं स्थगित न हुईं तो विवि में कोरोना बम फटने के पूरे आसार हैं। यदि विवि प्रशासन चेता नहीं तो आंदोलन किया जाएगा।

# एक महीने से शुद्ध पानी की समस्या से जूझ रहे सौंपा ज्ञापन

जबलपुर। रा.दु.वि.वि छात्र परिषद् के संयोजक धीरज सिंह ठाकुर के नेतृत्व में नगर निगम अपर आयुक्त महेश चन्द कोरी को राइट टाउन आदि क्षेत्रों में विगत एक महीने से पानी की समस्या को लेकर ज्ञापन सौंपा जिसमें शहर में चल रहे स्मार्ट सिटी, फ्लाई ओवर, सीवर लाईन के विकास कार्यों की प्रशंसा की साथ ही लेकिन विकास कार्यो के चलते जो मूलभूत साधन मुख्य रूप से शहर के नागरिकों को शुद्ध पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। क्षेत्रीय पूर्व प्रतिनिधि आदि द्वारा अनाधिकृत रूप से नल कनेक्शन लगाने के नाम पर राशि की मांग की जा रही है जो कि अनुचित एवं नागरिकों के अधिकारों का पूर्णतः हनन है। ऐसे लोगों पर नगर निगम जांच कर कार्यवाही करे क्योंकि ये सुविधा देना निगम का वैधानिक कर्तव्य है इसके लिए आम नागरिकों द्वारा कर का भुगतान किया जाता है। यदि नई पानी की लाईन डालने की आवश्यकता होती है तो जब तक नई लाईन नहीं डाली जाती तब तक पुरानी लाईन बन्द नहीं करनी चाहिए तथा कई लोगों ने कुछ प्रकार के अवैध कनेक्शन को प्राप्त कर लिया है। विदित हो कि कोरोना महामारी, लॉक डाउन आदि से लोग परेशानी से जूझ रहे हैं ऐसे वक्त में पानी न आना जीवन की मुसीबतों को बढ़ाता है। ज्ञापन में पीड़ित लोग भी पहुंचे इस दिशा में अपर आयुक्त ने आश्वासन देते हुए शीघ्र कार्यवाही करने कहा।इस अवसर पर रा.दु.वि.वि छात्र परिषद् के संयोजक धीरज सिंह ठाकुर, दीपक सिंह राजपूत, फिरोज खान, विजय केशरवानी, नीलेश शर्मा, महेश बेन, प्रतिभा विनायक मार्डीकर, मधुसूदन परांजपे, रमेश चौकसे, संध्या परांजपे, सुबोध रिछारिया, गोपाल हूंका, सौरभ जैन, विकास भागवत आदि उपस्थित रहे।



## स्वर्णकार महिला मंडल द्वारा गरीबों को कंबल का वितरण

**जबलपुर।** मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में सराफा चौक मैं स्वर्णकार महिला मंडल द्वारा गरीबों को कंबल का वितरण किया गया जिसमें विधायक श्री विनय सक्सेना महिला मंडल अध्यक्ष अंजना राजेंद्र सराफ सचेतक मीना सुरेंद्र राजेश्वरी राजेश मोना राखी रज्जू सराफ प्रतिष्ठा विनोद गीता संतोष नीताअनिल गीता संतोष प्रेमलता अजय विनीता राजेंद्र शोभा हेमंत आदि सभी जनों ने कंबल का वितरण किया।



## साहू समाज द्वारा हेल्थ एवं श्रमिक कार्ड वितरित

**जबलपुर।** श्री जगदीश स्वामी कर्मा माई शंकर भगवान मंदिर ट्रस्ट लॉर्डगंज जबलपुर के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों व प्रतिनिधियों सदस्यों द्वारा आयोजित दो दिवसीय शिविर में सैकड़ों की संख्या में लाभार्थियों के हेल्थ कार्ड एवं की ई श्रमिक कार्ड बनाए गए थे आज स्वजातीय बंधुओं की उपस्थिति में श्रीमती पूना बाई साहू धर्मशाला दिक्षितपुरा जबलपुर में वितरण किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में भगवान जगन्नाथ स्वामी की पूजन अर्चन किया गया इस अवसर पर वरिष्ठ पदाधिकारियों ने कहा कि समाज सेवा व जनसेवा का यह कार्य लगातार जारी रहेगा। इस कार्यक्रम में ट्रस्ट अध्यक्ष आजाद साहू ,धर्मेंद्र साहू ,बृजेश साहू, जगदीश साहू ,बाबूलाल साहू, राजेंद्र साहू,आशीष पण्डा, मुन्नू लाल साहू ,राजू कोठी वाले आदि जनों की विशेष उपस्थिति थी।



# बिलासपुर मंडल में ट्रैक का काम शुरू

## कई गाड़ियां निरस्त

**जबलपुर, । दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर मंडल के खरसिया-राबर्टसन रेलखण्ड पर थर्ड लाइन जोड़ने के लिए राबर्टसन स्टेशन पर 24 जनवरी तक ट्रैक में सुधार कार्य किया जाना है। इस वजह से यहां से गुजरने वाली कई ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है। इसमें जबलपुर रेल मंडल से गुजरने वाली कई ट्रेनें शामिल हैं। रेलवे से मिली जानकारी के मुताबिक प्री नॉन इंटरलॉकिंग का काम 21 से 24 जनवरी तक नॉन इंटरलॉकिंग का कार्य किया जाना है। इस दौरान पमरे से गुजरने वाली दो जोड़ी ट्रेनें भी निरस्त रहेगी।**



### ये हैं ट्रेनें-

1- गाड़ी संख्या 22909/22910 बलसाड-पुरी-बलसाड साप्ताहिक एक्सप्रेस ः- गाड़ी संख्या 22909 बलसाड से पुरी साप्ताहिक एक्सप्रेस 20 जनवरी को और वापसी गाड़ी संख्या 22910 पुरी से बलसाड साप्ताहिक एक्सप्रेस 23 जनवरी को अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी। यह गाड़ी पमरे के भोपाल, इटारसी, पिपरिया, जबलपुर एवं कटनी साऊथ स्टेशनों से होकर गुजरेगी।

2- गाड़ी संख्या 22169/22170 रानी कमलापति- संतरागाछी- रानी कमलापति सुपरफास्ट हमसफर साप्ताहिक एक्सप्रेस - गाड़ी संख्या 22169 रानी कमलापति से संतरागाछी सुपरफास्ट हमसफर एक्सप्रेस दिनाँक 19 जनवरी को और वापसी में गाड़ी संख्या 22170 संतरागाछी से रानी कमलापति सुपरफास्ट हमसफर एक्सप्रेस 20 जनवरी को अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी। यह गाड़ी पश्चिम मध्य रेल के रानी कमलापति स्टेशन से प्रारंभ, टर्मिनेट होकर विदिशा, बीना, सागर, दमोह एवं कटनी मुड़वारा स्टेशनों से गुजरेगी। 139 पर ले ट्रेनों की जानकारीः रेल प्रशासन ने कहा है कि यात्रियों को असुविधा से बचने के लिए रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा एनटीईएस/139 से गाड़ी की सही स्थिति की जानकारी पता करके रेलवे स्टेशन पर पहुंचें।

## अतिक्रमण हटाओ शासकीय स्कूलों की भूमि बचाओ-मांग

# शासकीय स्कूलों की भूमी पर हो रहा अतिक्रमण-शासन मौन

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संयुक्त समन्वय समिति ने मांग की है कि शासकीय स्कूलों की भूमी पर हो रहा अतिक्रमण हटाया जाए। समिति के जिलाध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि ऐसे कई मामले शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के शासकीय स्कूलों की भूमि पर अतिक्रमण करने के सामने आ रहे है कि स्कूलों के आस-पास के दबंग और प्रभावषाली लोगों द्वारा स्कूलों की जमीनो पर कब्जा किया जा रहा है और यह कार्य लम्बे समय से होता आ रहा है शासन-प्रषासन की चुप्पी की वजह से ही शासकीय स्कूलों की भूमि पर अतिक्रमण किया जा रहा है।संघ ने आगे बताया कि अभी हाल ही में बरगी ब्लॉक के शासकीय प्राथमिक शाला रैपुरा और शासकीय प्राथमिक शाला टैमर का मामला सामने आया है कि इन स्कूलों की भूमी पर जबरन ही एक विषेष परिवार के द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा है उनके द्वारा शासकीय स्कूल की जमीन पर पेड़ पौधे लगाए जा रहे है और अपने निजी स्वार्थ हेतु शासकीय भूमि का उपयोग किया जा रहा है वहीं उनके द्वारा उनके मवैषी भी स्कूल के प्रांगण मे बांधे जाते है और शाला प्रभारी द्वारा आपत्ती करने पर भी अतिक्रमण नही हटाया जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ प्राथमिक शाला टैमर की शासकीय भूमि के चारो तरफ अतिक्रमण करने से स्कूल के सौचालय का पानी निक्काषी हेतु जगह नहीं बची जिससे स्कूल स्टाफऔर विद्यार्थियों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। शासन और विभाग प्रमुख द्वारा ऐसे सभी स्कूलों की जानकारी चाहे वे शहरी क्षेत्र के हों या फिर ग्रामीण क्षेत्र के हो सभी की जानकारी मंगा कर इसके विरूध कड़ी कार्यवाही की जानी चाहिए।संघ के स्टेनली नॉबर्ट, सुनील झारिया, उमेष सिंह ठाकुर, मानसिंह आर्मो, नीरज मरावी, रवि जैन, सतीश त्रिपाठी, दिवेन्द्र पटेल, सतीश दुबे, अनिल सपेरा, अफरोज खान, आदि ने जिला पंचायत सी.ई.ओ से मांग की है कि जिन भी शासकीय स्कूलों की भूमि पर अतिक्रमण करने की कोशिश की जा रही है उन संबधितों के विरूध कड़ी कार्यवाही की जाए।




# बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का हो पदनाम परिवर्तन

**जबलपुर** । म.प्र . तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने एक बयान में बताया कि बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का पदनाम परिवर्तित कर स्वास्थ्य समन्वयक करने मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने अपनी घोषणा में किया था , परंतु विभागीय अधिकारियों की हटधर्मिता और तानाशाही के चलते पदनाम परिवर्तन आज तक नहीं हुआ है । बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ की हड्डी हैं , जो समस्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों को कोविड- 19 कोरोना वायरस के साथ साथ समस्त शासकीय स्वास्थ्य योजनाओं अमली जामा पहनाते हैं । समस्त स्वास्थ्य कार्यक्रमों एवं उद्देश्यों की पूर्ति इनके कार्य से पूर्ण होती है । टीकाकरण , टी.बी. , परिवार नियोजन , कुष्ठ , महिला एवं बाल स्वास्थ्य , मलेरिया , डेंगू , चिकनगुनिया , अंधत्व , एड्स , फाईलेरिया जैसे समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रमों का संचालन एएनएम / एमपीडब्ल्यू के द्वारा किया जाता है , परंतु इनके द्वारा किये जा रहे कार्यों के बावजूद सम्मानजनक पदनाम न होने के कारण इनमें हजारों एएनएम / एमपीडब्ल्यू में असंतोष की भावना सदैव रहती है , जबकि अन्य विभागों के कर्मचारियों का शासन के द्वारा पदनाम परिवर्तन कर दिया गया है और वेतनमान विसंगति भी दूर की जा चुकी है , परंतु अधिकारियों की हठधर्मिता एवं तानाशाही के चलते माननीय मुख्यमंत्री जी की घोषणा का अमल आज दिनांक तक नहीं किया गया है , जिससे कोरोना योद्धाओं को मानसिक एवं आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । संघ के अर्वेन्द्र राजपूत , आलोक अग्निहोत्री , ब्रजेश मिश्रा , दुर्गेश पाण्डेय , मनोज सिंह , वीरेन्द्र चंदेल , एस पी बाथरे , सी एन शुक्ला , वीरेन्द्र तिवारी , घनश्याम पटेल , अजय दुबे , परशुराम तिवारी ,दिलराज झारिया,चूरामन गूजर , संदीप चौबे , सतीश देशमुख , रमेश काम्बले , पंकज जायसवाल , प्रीतोष तारे , शेरसिंह , मनोज सिंह , अभिषेक वर्मा , वीरेन्द्र पटेल , रामकृष्ण तिवारी , रितुराज गुप्ता , अमित गौतम , अनिल दुबे , शैलेन्द्र दुबे , अतुल पाण्डे आदि ने मुख्यमंत्री को ईमेल कर मांग की है कि बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का पदनाम स्वास्थ्य समन्वयक करने की घोषणा का शीघ्र अमल कराने का आदेश प्रसारित करें ।

## प्रदेश प्रभारी पी मुरलीधर राव और प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा ने दिया मार्गदर्शन

# भारतीय जनता पार्टी की संभागीय कार्यशाला शुरू

### हाईटेक तरीके से बूथ में सदस्यों की संख्या बढ़ाने की तैयारी

**जबलपुर। भारतीय जनता पार्टी जबलपुर संभाग में बूथ विस्तारक योजना को लेकर आयोजित संभागीय कार्यशाला का आगाज किया गया। 20 जनवरी से 30 जनवरी तक आयोजित होने वाली इस कार्यशाला में समूचे संभाग भर से पदाधिकारियों ने शिकरत की।**



कार्यशाला का उद्घाटन सुबह 11=30 बजे भाजपा मप्र के प्रभारी पी मुरलीधर राव और प्रदेश अध्यक्ष सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने किया। संभागीय कार्यशाला में जबलपुर संभाग के सभी जिलों में बूथ विस्तारक योजना के लिए बूथ विस्तारकों को प्रशिक्षण देने वाले कार्यकर्ताओ का प्रशिक्षण किया जा रहा है। कार्यशाला में सभी जिलों से जिला प्रभारी, जिला अध्यक्ष, जिला कार्यालय मंत्री, जिला आईटी प्रभारी, जिला सोशल मीडिया प्रभारी और प्रशिक्षार्थी शामिल हुए।

### 25 नये सदस्य बनाने का अभियान शुरू

*बीजेपी हर बूथ पर 25 लोगों को सदस्य बना रही है। इस पूरा विवरण हाइटेक तरीके से मोबाइल या टैबलेट पर अपलोड करना होगा। हर बूथ में दो विस्तारक जायेगें, बूथ समिति का वैरिफिकेशन मैन्युअली और डिजिटली किया जायेगा। बीजेपी की कोशिश है कि वह विधानसभा चुनाव से पहले हर बूथ पर अपने कार्यकर्ताओं की मजबूत फौज तैयार कर लें। बीजेपी की चुनाव में कोशिश रहती है कि बूथ जीतो, चुनाव जीतो। जबलपुर में एक हजार से अधिक बूथ है। हर वार्ड में बूथ समितियों का गठन किया जा रहा है। इसका सत्यापन करते हुए ब्यौरा भरना होगा।*

### कोविड से कार्यकर्ता आशंकित

बीजेपी एक तरफ बूथ विस्तारक अभियान शुरू करने जा रही है। वहीं कोविड की तीसरी लहर भी अपने पांव पसारने लगी है। जिले में रोज 400 से अधिक केस सामने आ रहे हैं। ऐसे में कार्यकर्ताओं को लोगों के घर-घर भेजना संक्रमण को दावत देना है। कई कार्यकर्ता इसे लेकर असहज महसूस कर रहे हैं। पर अनुशासन की डोर में बंधे होने की वजह से अपनी बात भी पार्टी फोरम पर नहीं रख पा रहे हैं।

## युवा मोर्चा की परिचयात्मक व कामकाजी बैठक संपन्न

जबलपुर। भारतीय जनता युवा मोर्चा, जबलपुर महानगर की परिचयात्मक व कामकाजी बैठक संभागीय कार्यालय रानीताल में संपन्न हुई। इसमें नवनियुक्त युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष योगेंद्र सिंह ठाकुर का स्वागत सभी युवा मोर्चा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने किया। बैठक को भाजपा जिला महामंत्री पंकज दुबे, रजनीश यादव ने सम्बोधित किया। साथ ही आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक को संबोधित करते हुए योगेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा कि युवा सप्ताह के अंतर्गत राष्ट्रीय व प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं, जिसमें आनलाइन निबंध प्रतियोगिता, टीकाकरण अभियान, रक्तदान शिविर, योग प्रतिस्पर्धा व सामग्री वितरण के साथ जनजातीय कार्यक्रम का आयोजन युवा मोर्चा जबलपुर महानगर को करना है। जिसमें कार्यक्रमों के निमित्त प्रभारी और सहप्रभारी बनाये गए हैं। साथ ही बूथ विस्तारक योजना के अंतर्गत भी युवा मोर्चा को अपनी अहम भूमिका निभानी है। बैठक का संचालन प्रणीत वर्मा व आभार टीटू सोनकर ने किया। इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अतुल दुबे सहित युवा मोर्चा के समस्त नगर पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मंडल महामंत्री व कार्यकर्ता मौजूद थे।



## एचआईव्ही पीड़ितों को भी दें शासकीय योजनाओं का लाभ : कलेक्टर

### एचआईव्ही एड्स अंतर्विभागीय समन्वय सह मुख्यधारा कार्यशाला संपन्न

**जबलपुर।** कलेक्टर एवं सह अध्यक्ष एड्स नियंत्रण जिला स्वास्थ्य समिति कर्मवीर शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में एच.आई.व्ही. एड्स नियंत्रण अंतर्विभागीय समन्वय सह कार्यशाला आयोजित की गई। अंतर्विभागीय अधिकारियों को एड्स नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत अंतर्विभागीय समन्वय से पूर्ण की जाने वाली समस्त पृथक-पृथक विभागीय योजनाओं का लाभ पात्रतानुसार एचआईव्ही प्रभावित व्यक्तियों को दिये जाने कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया गया। श्री शर्मा ने इस अवसर पर जिला एड्स नियंत्रण अधिकारी को समस्त सभी विभाग अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर एचआईव्ही के साथ जीने वाले व्यक्तियों को सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश भी दिये। बैठक के दौरान जिले में एचआईव्ही संक्रमित एवं उपचाररत् और प्रभावित व्यक्तियों एवं जिले में प्रचलित सूचना शिक्षा संचार गतिविधियों आदि की विस्तारपूर्वक जानकारी डॉ. डी.जे. मोहन्ती जिला स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा प्रदान की गई। इस संबंध में समस्त संबंधित अंतर्विभागीय अधिकारियों को तत्संबंधी अधिनियम से संबंधित आवश्यक समस्त शासन स्तरीय पत्राचारों का समेकित दस्तावेजीकरण उपलब्ध कराया जाकर एड्स नियंत्रण कार्यक्रम से संबंधित जिले की सूक्ष्मतम कार्ययोजना व क्रियान्वयन एवं प्रचलित गतिविधियों आदि की जानकारी से जिला पीएमडीटी समन्यवक सीमांत ढिमोले द्वारा पावर प्लाइंट प्रस्तुतिकरण के माध्यम से अवगत कराया गया।

## जिले में भव्य एवं गरिमामय स्वरूप में मनाया जायेगा गणतंत्र दिवस

### कलेक्टर श्री शर्मा ने तैयारियों की समीक्षा

**जबलपुर,** । जिले में गणतंत्र दिवस समारोह परम्परा अनुसार इस बार भी भव्य और गरिमामय स्वरूप में आयोजित किया जायेगा। गणतंत्र दिवस का जिले का मुख्य समारोह पूर्व वर्षों की तरह राइट टाउन स्थित पंडित रविशंकर शुक्ल क्रीडांगन में ही आयोजित किया जायेगा।कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा ने गणतंत्र दिवस के जिले के मुख्य समारोह की रूपरेखा पर चर्चा करने आज सोमवार को बुलाई गई बैठक में सभी विभागों के जिला अधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी। उन्होंने अधिकारियों को गणतंत्र दिवस की गरिमा के अनुरूप समय रहते सभी जरूरी तैयारियां कर लेने के निर्देश दिये हैं।बैठक में बताया गया कि कोरोना संक्रमण को देखते हुये इस बार भी गणतंत्र दिवस समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन नहीं किया जायेगा। समारोह में सुरक्षाबलों की प्लाटूनों द्वारा मार्च पास्ट प्रस्तुत किया जायेगा तथा शासन की विभिन्न योजनाओं एवं विकास की गतिविधियों पर आधारित आकर्षक झांकिया निकाली जायेगी। समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जायेगा।कलेक्टर श्री शर्मा ने अधिकारियों को गणतंत्र दिवस पर प्रस्तुत की जाने वाली झांकियों की थीम जिला पंचायत कार्यालय को सौंपने के निर्देश संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिये। उन्होंने समारोह स्थल पर बैठक व्यवस्था के माकूल इंतजाम करने की हिदायत नगर निगम के अधिकारियों को दी है। श्री शर्मा ने और उत्कृष्ट परेड और झांकियों को पुरस्कृत करने जल्?ी ही चयन समिति का गठन करने के निर्देश भी दिये।

### कलेक्टर श्री शर्मा करेंगे कलेक्ट्रेट में ध्वजारोहण



**जबलपुर।** गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को प्रात:8 बजे कलेक्ट्रेट परिसर में कलेक्टर कर्मवीर शर्मा करेंगे ध्वजारोहण। कलेक्ट्रेट में ध्वजारोहण कार्यक्रम संपन्न होने के बाद अधिकारी-कर्मचारी पंडित रविशंकर शुक्ल क्रीड़ांगन में आयोजित गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में शामिल होंगे।

## निगमायुक्त ने किया गोल बाजार के आसपास चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण

# स्मार्ट सड़कों का निर्माण में नागरिकों की सुविधाओं को ध्यान



**जबलपुर।** शहर की सफाई व्यवस्था में कसावट लाने के साथ-साथ विकास कार्यों की प्रचलित परियोजनाओं को समय पर पूर्ण कराने निगमायुक्त आशीष वशिष्ठ निरंतर फील्ड का निरीक्षण कर अधीनस्थों को निर्देश दे रहे हैं। निगमायुक्त आशीष वशिष्ठ ने आज गोलबाजार एवं आसपास के क्षेत्रों का आकस्मिक निरीक्षण करते हुए स्मार्ट सिटी द्वारा कराए जा रहे स्मार्ट सड़कों के निर्माण कार्यों का मुआयना किया। निगमायुक्त आशीष वशिष्ठ ने कहा है कि सभी स्मार्ट स?कों का निर्माण जन भावनाओं के अनुरूप कराते हुए निर्माण कार्यों के दौरान नागरिकों को किसी भी प्रकार की परेशानी न होने देने के निर्देश दिए। निगमायुक्त आशीष वशिष्ठ ने कहा है कि नागरिकों की सुविधाओं को ध्यान में रखकर ही स्मार्ट सड़कों का निर्माण कराया जाए। उन्होंने स्मार्ट सड़कों के अभिन्यास का परीक्षण करते हुए सभी सड़कों का निर्माण निर्धारित समय सीमा में पूरी गुणवत्ता के साथ कराए जाने के निर्देश दिए। निर्माणाधीन स्मार्ट सड़कों के निरीक्षण के साथ ही निगमायुक्त आशीष वशिष्ठ ने सफाई व्यवस्था का भी आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान वे अचानक विक्टोरिया अस्पताल के आसपास के क्षेत्रों, करमचंद चौक, अंधेरदेव, बंदरिया तिराहा आदि इलाकों में पहुंचकर सफाई व्यवस्था का अवलोकन करते हुए स्वच्छता मित्रों से संवाद किया।

### स्वच्छता प्रतिस्पर्धा प्रतियोगिता पुरस्कार सम्मान समारोह

जबलपुर। स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 के अंतर्गत नागरिकता जड़ाव घटक क्रमांक 8 दिशानिर्देशों के अनुरूप निकाय एवं स्वच्छता प्रतिस्पर्धा प्रतियोगिता संपादित की गई थी, जिसका पुरस्कार सम्मान समारोह का आयोजन आज मानस भवन में स्वास्थ्य अधिकारी भूपेन्द्र सिंह एवं सहायक नोडल अधिकारी सुश्री शैलजा सुल्लेरे की उपस्थिति में किया गया। स्वास्थ्य अधिकारी भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि आयोजित पुरस्कार सम्मान समारोह में शासकीय कार्यालय श्रेणी में संभागीय आयुक्त कार्यालय सर्वोच्च अंक प्राप्त कर तीसरी बार प्रथम स्थान प्राप्त किया, इसी प्रकार जबलपुर स्मार्ट सिटी द्वितीय तथा संभागीय कार्यालय 02 को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। उन्होंने बताया कि अन्य श्रेणियों में स्कूल, होटल, चिकित्सालयों, रहवासी संघ तथा व्यावसायिक स्थानों के चयनित प्रतिभागियों को भी पुरस्कृत किया गया।

## एचआईव्ही पीड़ितों को भी दें शासकीय योजनाओं का लाभ : कलेक्टर

**जबलपुर** । कलेक्टर एवं सह अध्यक्ष एड्स नियंत्रण जिला स्वास्थ्य समिति कर्मवीर शर्मा की अध्यक्षता में आज सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में एच.आई.व्ही. एड्स नियंत्रण अंतर्विभागीय समन्वय सह कार्यशाला आयोजित की गई। अंतर्विभागीय अधिकारियों को एड्स नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत अंतर्विभागीय समन्वय से पूर्ण की जाने वाली समस्त पृथक-पृथक विभागीय योजनाओं का लाभ पात्रतानुसार एचआईव्ही प्रभावित व्यक्तियों को दिये जाने कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया गया। श्री शर्मा ने इस अवसर पर जिला एड्स नियंत्रण अधिकारी को समस्त सभी विभाग अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर एचआईव्ही के साथ जीने वाले व्यक्तियों को सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश भी दिये।

बैठक के दौरान जिले में एचआईव्ही संक्रमित एवं उपचाररत् और प्रभावित व्यक्तियों एवं जिले में प्रचलित सूचना शिक्षा संचार गतिविधियों आदि की विस्तारपूर्वक जानकारी डॉ. डी.जे. मोहन्ती जिला स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा प्रदान की गई। इस संबंध में समस्त संबंधित अंतर्विभागीय अधिकारियों को तत्संबंधी अधिनियम से संबंधित आवश्यक समस्त शासन स्तरीय पत्राचारों का समेकित दस्तावेजीकरण उपलब्ध कराया जाकर एड्स नियंत्रण कार्यक्रम से संबंधित जिले की सूक्ष्मतम कार्ययोजना व क्रियान्वयन एवं प्रचलित गतिविधियों आदि की जानकारी से जिला पीएमडीटी समन्वयक सीमांत ढिमोले द्वारा पावर प्लाइंट प्रस्तुतिकरण के माध्यम से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में समस्त अंतर्विभागीय जिला अधिकारी, नगर निगम, अधिकारी गण, जिला खाद्य अधिकारी, महिला बाल विकास अधिकारी, जिला एड्स नियंत्रण शाखा के अधिकारी, मैदानी एड्स नियंत्रण संबंधी स्वयं सेवी संस्था के कार्यकर्ता के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी गण प्रमुखता से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन जिला कार्यक्रम समन्वयक सुनील शर्मा द्वारा किया गया।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार तहसील अधारताल, जबलपुर**

राप्रक्र/---/अ-6/2021
जबलपुर दिनांक 11/1/22

**आम इश्तहार**

एतद द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुकेश कुमार अग्रवाल पिता राम किशोर अग्रवाल निवासी 745 मोतीलाल नेहरू वार्ड सराफा जबलपुर द्वारा ब्लॉक नंबर 49 पहनं राजस्व निरीक्षक मंडल जबलपुर में स्थित प्लाट नं 196 का भाग रकवा 720 वर्गफुट भूमि पंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 29.11.16 के माध्यम से क्रय की गई भूमि का नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। वर्तमान में भूमि सरक अली, नजर अली पिता इस्माल अली एवं अन्य बगैरह के नाम दर्ज है। तत्संबंध में नामांतरण कये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वो अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेज पेशी दिनांक 27.1.22 तक कार्यालय अतिरिक्त तहसीलदार तहसील अधारताल जबलपुर में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जाएगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**जारी दिनांक 11.1.22**
**पेशी दिनांक 29.1.22**

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**तहसील अधारताल जबलपुर**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार तहसील अधारताल, जबलपुर**

राप्रक्र/---/अ-6/2021
जबलपुर दिनांक 11/1/22

**आम इश्तहार**

एतद द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुकेश कुमार अग्रवालपिता राम किशोर अग्रवाल निवासी 745 कमानिया गेट सराफा मोतीलाल नेहरू वार्ड द्वारा ब्लॉक नंबर 49 पहनं राजस्व निरीक्षक मंडल जबलपुर में स्थित प्लाट नं 196 का भाग रकवा 344 वर्गफुट भूमि पंजीकृत विक्रय पत्र क्रमांक 2750 दिनांक 2.8.1984 के माध्यम से क्रय की गई भूमि का नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। वर्तमान में भूमि सरक अली, नजर अली पिता इस्माल अली बगैरह के नाम दर्ज है। तत्संबंध में नामांतरण कये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वो अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेज पेशी दिनांक 27.1.22 तक कार्यालय अतिरिक्त तहसीलदार तहसील अधारताल जबलपुर में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जाएगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**जारी दिनांक 11.1.22**
**पेशी दिनांक 29.1.22**

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**तहसील अधारताल जबलपुर**

## राद‌ुविवि में गैर शैक्षणेत्तर कर्मचारी संघ चुनाव,शाम को आएंगे नतीजे





जबलपुर,यशभारत। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में गैर शैक्षणेत्तर कर्मचारी संघ चुनाव कोविड गाईडलाइन का पालन करते हुए कड़ी सुरक्षा में आज सम्पन्न कराये गए। इस संबंध में चुनाव अधिकारी प्रो. राकेश बाजपेयी द्वारा आवश्यक निर्देश जारी किए गए थे। जिसके अनुसार चुनाव प्रक्रिया के दौरान दो गज की दूरी, मास्क लगाना अनिवार्य, सेनेटाइजेशन के साथ-साथ कोविड-19 हेतु समय-समय पर शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों का अनिवार्यरूप से पालन सुनिश्चित किए जाने हेतु कहा गया । पंडित कुंजीलाल दुबे प्रेक्षागृह में सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक मतदान हुआ। इसी दिन दोपहर डेढ़ बजे से मतगणना शुरू और शाम को परिणाम घोषित हो जाएँगे। अध्यक्ष के 1 पद, उपाध्यक्ष के 2, महासचिव के 1, संयुक्त सचिव के 1 पद, कोषाध्यक्ष के 1 पद व कार्यकारिणी के 5 सदस्यों के लिए मतदान हुआ।

## विधायक कप पर एकता क्लब का कब्जा

**जबलपुर।** उत्तर मध्य विधानसभा में आयोजित होने जा रही विधायक कप के फायनल मैच में में एकता क्लब ने आज बाजी मारी। पूरे टूर्नामेंट में मैन ऑफद मैच और मैन ऑफद सीरिज अखिल मेहता रहे साथ ही बेस्ट बॉलर महेश आर्या बेहतरीन बल्लेबाज का खिताब वसीफजाफर के हिस्से में आया। विजेता टीम को कप और 51 हजार की राशि पूर्व विधानसभा क्षेत्र विधायक लखन घनघोरिया के हाथों प्रदान की गई , इस पूरे टूनामेंट में 44 टीमों ने हिस्सा लिया था जिसमें नरसिंहपुर सहित जबलपुर के विभिन्न हिस्सों से टीमें पहुंची थी। इस मौके पर उत्तर मध्य विधायक विनय सक्सेना का कहना था कि विधानसभा क्षेत्र में खेलों और पारस्परिक संबंधों को बढावा देने के उद्देश्य से इस खेल का आयोजन किया ड्ढया जिसमें सभी ने अपना बहुमूल्य योड्डदान दिया। वही पूर्व विधानसभा क्षेत्र विधायक लखन घनघोरिया का कहना था कि आयोजन की प्रसिद्धि को देखते हुए लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा है और यह आयोजन निश्चित ही खेलों को बढावा दें ।

## फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण हेतु कार्यक्रम निर्धारित

**जबलपुर,** । राज्य निर्वाचन आयोग ने नगरपालिकाओं के निर्वाचन हेतु एक जनवरी 2022 की स्थिति में फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण हेतु तिथिवार कार्यक्रम निर्धारित कर दिया है। आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम के मुताबिक कंट्रोल टेबल चेक लिस्ट की प्रति रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को 20 जनवरी तक प्रदान करना है। साथ ही 21 जनवरी तक कंट्रोल टेबल चेकलिस्ट की प्रति मतदान केन्द्रों के परीक्षण और युक्तियुक्तकरण के संबंध में प्रस्ताव प्राप्त करने हेतु नगर पालिका के लिये आयुक्त नगरपालिक निगम व मुख्य नगर पालिका अधिकारी को सौंपना होगा। जबकि मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण के संबंध में प्रस्ताव तैयार कर 22 जनवरी तक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को सौंपना होगा। जबकि मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण के संबंध में प्राप्त प्रस्तावों का परीक्षण कर 24 जनवरी तक उन्हें अंतिम करना और कंट्रोल टेबल में संशोधित करने तथा कंट्रोल टेबल का परीक्षण करना और संशोधित होने पर हस्ताक्षर करने का कार्य 27 जनवरी तक तथा कंट्रोल टेबल का डिजीटल हस्ताक्षर से सत्यापन का कार्य 28 जनवरी तक पूर्ण करना है।

इसके अलावा प्रारूप मतदाता सूची तैयार करने के कार्य के तहत एक फरवरी तक शिफ्टिंग सूची, विलोपन सत्यापन सूची और संशोधित सत्यापन सूची ई.आर.एम.एस. से जेनरेट कर रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को उपलब्ध कराना होगा। इस सूची की मार्किंग हेतु प्राधिकृत कर्मचारी को 3 फरवरी तक उपलब्ध करना होगा। जबकि यह सूची 7 फरवरी तक मार्किंग कर रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को प्रदान करनी होगी। 11 फरवरी तक इसकी जांच व व्हेरीफिकेशन कार्य कर शिफ्टिंग संबंधित विवादों के निराकरण के लिये बैठक का आयोजन 14 फरवरी तक करना होगा। वहीं विवादों का निराकरण 15 फरवरी तक करने और व्हेरीफिकेशन सूची ई.आर.एम.एस. में प्रविष्टि हेतु वेण्डर को 17 फरवरी तक सौपना होगा।

## सीएम हेल्पलाइन से प्राप्त शिकायतों के निराकरण को दें सर्वोच्च प्राथमिकता

जबलपुर, । कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने सोमवार को समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक में सीएम हेल्पलाइन से प्राप्त शिकायतों के निराकरण में तत्परता बरतने की हिदायत सभी विभागों के जिला अधिकारियों को दी है । कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुई इस बैठक में श्री शर्मा ने कोरोना संक्रमण की रोकथाम एवं बचाव के लिये किये जा रहे उपायों की समीक्षा भी की । बैठक में अपर कलेक्टर राजेश बाथम, शेर सिंह मीणा एवं सुश्री विमलेश सिंह तथा सभी विभागों के जिला अधिकारी मौजूद थे ।

## बिजली दर बढ़ोतरी के प्रस्ताव को चुनौती देने पुनर्विचार याचिका

### पहले हाईकोर्ट खारिज कर चुका है याचिका

**जबलपुर।** बिजली दर में बढ़ोतरी के प्रस्ताव को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी। हाईकोर्ट ने उक्त मामले में गत 6 जनवरी को सरकार के पॉलिसी मैटर में हस्तक्षेप करने से इंकार करते हुए दायर याचिका खारिज कर दी। जिसको लेकर आवेदकों की ओर से पुनर्विचार याचिका दायर की गई है। इसमें राहत चाही गई है कि उनकी ओर से भेजे गये अभ्यावेदन पर निर्णय लिया जाए और कोरोना काल में बिजली के दाम न बढ़ाए जाएं।उल्लेखनीय है कि पूर्व में एक जनहित याचिका नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के अध्यक्ष डॉ. पीजी नाजपांडे तथा रजत भार्गव की ओर से दायर की गई थी। जिसमें कहा गया था कि नागरिक को संकट से उबारकर जीवन बिताने में सहायता प्रदान करना सरकार का संवैधानिक अधिकार है। केन्द्र सरकार द्वारा आपदा प्रबंधन कानून 2005 के तहत कोविड-19 को नोटिफाइड आपदा घोषित की गई है। वर्तमान में ओमिक्रॉन वायरस भी तेजी से फैल रहा है। कोरोना काल में लाखों परिवार आर्थिक समस्या से जूझ रहे हैं।याचिका में मांग की गई है कि सरकार अपने संवैधानिक कर्तव्यों का पालन करते हुए विद्युत अधिनियम की धारा 108 का प्रयोग करें। इस संबंध में उन्होंने सरकार के समक्ष अभ्यावेदन प्रस्तुत किया था, जिस पर किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं की गई। युगलपीठ ने मामले में कहा था कि अभ्यावेदन दिए कम समय हुआ है और वह सरकार की पॉलिसी मेटर पर हस्तक्षेप नहीं कर सकते। जिस पर यह पुनर्विचार याचिका दायर की गई है, ताकि नियामक आयोक के बिजली दर बढ़ाए जाने से पूर्व उनके अभ्यावेदन पर निर्णय लिया जाए। उक्त रिव्यू पिटीशन अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय के मार्फत दायर की गई है।

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड जबलपुर**

ई-मेल eephedjab@nic.in दूरभाष क्रमांक 0761- 2344814

निविदा क्रमांक 141-150/व.ले.लि./ का.यं./ 2021-22 जबलपुर, दिनांक 12.01.2022

म.प्र. के राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा निम्नानुसार कार्यों की ऑनलाईन डिजिटल मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसका अवलोकन वेबसाईट में किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र केवल उपर उल्लेखित वेबसाईट से ऑनलाईन भुगतान कर क्रय किए जा सकते है।

**Name of Work** - Retrofitting Work of Piped Water Supply Scheme to achieve the target of JJM for supplying water at every doorstep through functional household tap connection (i.e. 100% FHTC's) in various Villages of Districts - JABALPUR.

| निविदा क्र./दिनांक | सिस्टम क्रं. | विकासखण्ड का नाम | निविदा की कुल लागत रु. लाख | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 141/12.01.2022 | 178451 | Panagar | 344.69 | 344690 | 15000 | 09 Months |
| 142/12.01.2022 | 178465 | Patan | 369.16 | 369160 | 15000 | 09 Months |
| 143/12.01.2022 | 178475 | Kundam | 235.04 | 235040 | 15000 | 09 Months |
| 144/12.01.2022 | 178482 | Panagar | 340.81 | 340810 | 15000 | 09 Months |
| 145/12.01.2022 | 178489 | Majholi | 368.89 | 368890 | 15000 | 09 Months |
| 146/12.01.2022 | 178491 | Shahpura | 385.22 | 385220 | 15000 | 09 Months |
| 147/12.01.2022 | 178493 | Kundam | 128.64 | 128640 | 12500 | 09 Months |
| 148/12.01.2022 | 178498 | Kundam | 111.49 | 111490 | 12500 | 09 Months |
| 149/12.01.2022 | 178507 | Sihora | 275.75 | 275750 | 15000 | 09 Months |
| 150/12.01.2022 | 178510 | Sihora | 158.65 | 158650 | 12500 | 09 Months |

ऑनलाईन निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि - 26.01.2022 समय 17.30 बजे तक।
ऑनलाईन निविदा दर डालने की अंतिम तिथि - 26.01.2022 समय 17.30 बजे तक।
ऑनलाईन दर खोलने की अंतिम तिथि - 28.01.2022 समय 11.00 बजे।

G-21510/22

कार्यपालन यंत्री

# क्रिकेट का देसी रंग- धोती-कुर्ता पहनकर खिलाड़ियों ने लगाए चौके-छक्के, संस्कृत में हुई कामेंट्री

### महर्षि महेश योगी के जन्मोत्सव पर यह अनूठी क्रिकेट प्रतियोगिता शिवाजी नगर के अंकुर खेल मैदान पर शुरू 20 जनवरी तक चलेगी स्पर्धा


**भोपाल।** आपने ऐसा अनूठा क्रिकेट मैच शायद ही कहीं देखा हो। राजधानी भोपाल में भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वैदिक कर्मकांड करने वाले ब्राह्मणों ने धोती-कुर्ता पहनकर क्रिकेट खेला। इतना ही नहीं, क्रिकेट मैच की कामेंट्री भी संस्कृत में की गई। महर्षि महेश योगी के जन्मोत्सव पर यह अनूठी क्रिकेट प्रतियोगिता अंकुर खेल मैदान शिवाजी नगर क्रिकेट वैदिक मंत्रों के साथ शुरू हुई। यह इस आयोजन का दूसरा साल है। इस प्रतियोगिता में समस्त कर्मकांडी ब्राह्मण जोकि वैदिक संस्थानों में पठन-पाठन करते कर्मकांड करते हैं, भागवत कथा सुनाने का कार्य करते हैं, उन्होंने धोती कुर्ता पहन कर क्रिकेट के मैदान में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। क्रिकेट मैच शुरू होने से होने पहले पिच पर जाकर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सिक्का उछालकर टास हुआ। फिर वैदिक ब्राह्मणों ने धोती-कुर्ता पहनकर मैदान में पहुंचकर गेंदबाजी में अपने जौहर दिखाए, वहीं ब?ला घुमाते हुए खूब चौके-छक्के लगाए। संस्कृति बचाओ मंच के अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी ने बताया कि संभवत- प्रदेश में इस तरह का यह पहला क्रिकेट आयोजन है, जिसमें धोती-कुर्ता पहनकर क्रिकेट खेला जा रहा है और संस्कृत भाषा में कामेंट्री की जा रही है। सभी वैदिक ब्राह्मण संस्कृत भाषा का उपयोग करते हुए कर्मकांड के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करते हैं और खेल भावना हर मनुष्य के मन में होती है। इस क्रिकेट आयोजन में इसकी बखूबी झलक मिलती है। वहीं पंडित अंकुर ने बताया की महर्षि महेश योगी जी के इच्छानुसार यह कार्य वैदिक ब्राह्मण कर रहे हैं। महर्षि महेश योगी कहते थे कि हमारे वैदिक ब्राह्मण हर क्षेत्र में अपनी अग्रणी भूमिका निभाएं, ऐसा होना चाहिए। इसी को देखते हुए धोती-कुर्ता में क्रिकेट मैच खेला गया। पिछले साल 10 से 12 जनवरी तक कर्मकांडी ब्रह्मणों के मैच हुए थे। महर्षि वैदिक परिवार की ओर से आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में सोमवार को कपिल मुनि एकादश को संस्थान एकादश ने आठ विकेट से हराया।





### 20 जनवरी तक चलेंगे मैच

वैदिक कर्मकांडी ब्राह्मणों के क्रिकेट मैच 20 जनवरी तक चलेंगे। 12 टीमें क्रिकेट खेलेंगी। दोपहर 12 से शाम पांच बजे तक एक दिन में चार मैच होंगे। 10-10 ओवर के मैच रहेंगे। इसमें दो टीमों के 11-11 ब्रह्मण मैच खेलेंगे। विजेता टीम को 11 हजार रुपये का पुरस्कार मिलेगा। वहीं उपविजेता टीम को 5100 रुपये पुरस्?कार राशि मिलेगी। विजेता व उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को वैदिक पाठ की पुस्तक व पंचांग भी वितरण किए जाएंगे।



# उच्च शिक्षा मंत्री के निज सचिव ने छात्रों को दी झापड़ मारने की धमकी!

**भोपाल।** आनलाइन परीक्षा कराने की मांग कर रहे छात्रों को उच्च शिक्षा मंत्री मोहन यादव के निज सचिव विजय बुधवानी ने झापड़ मारने की धमकी दी। छात्र उच्च शिक्षा मंत्री से मिलने की मांग कर रहे थे, इसी दौरान उनके बीच बहस होने लगी और इसी दौरान एक छात्र द्वारा हाथ दिखाने और तेज आवाज में बात करने पर निज सचिव विजय बुधवानी भड़क गए और झापड़ मारने की धमकी देने लगे। इसके बाद उन्होंने कार्रवाई करवाने की भी धमकी दी, जिसके बाद वहां मौजूद छात्र बोले आप इस तरह से झापड़ मारने की धमकी नहीं दे सकते। आपको जो कार्रवाई करवानी हो करवा लीजिए।

### कालेजों की परीक्षाएं हो सकती हैं आनलाइन

सोमवार सुबह गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने कहा था कि कोरोना संक्रमण को देखते हुए कुछ साथी विधायकों ने कालेज की परीक्षाएं आफलाइन की जगह आनलाइन मोड से करवाने की मांग की है। सरकार सदैव की तरह विधायकों की इस मांग पर भी गंभीरता से विचार करेगी।

# 23 जनवरी को आम जनता को समर्पित होगा सुभाष नगर आरओबी



### ब्रिज की खामियों को दूर कराकर बेरिकेट्स लगाने का काम पूरा कर लिया

**भोपाल।** राजधानी के बहु प्रतिक्षित सुभाष नगर रेलवे ओवरब्रिज का ट्रायल रन पूरा हो चुका है। अब 23 जनवरी को यह आरओबी आम जनता को समर्पित कर दिया जाएगा। ब्रिज की खामियों को दूर कराकर बेरिकेट्स लगाने का काम पूरा कर लिया गया है। इसके बाद इस क्षेत्र से गुजरने वाले प्रतिदिन पांच लाख लोगों को फायदा होगा। बता दें कि यह आरओबी करीब 23 महीने पहले ही बनकर तैयार हो चुका है, लेकिन मेट्रो प्रोजेक्ट और सर्विस रोड की वजह से ट्रैफिक शुरू नहीं हो पाया था। ब्रिज 40 करोड़ रुपये में बना है। 690 मीटर लंबा यह आरओबी नये को पुराने शहर से जोड़ेगा। बता दें कि सुभाष नगर रेलवे क्रॉसिंग पर बने आरओबी की लंबाई रिटर्न वाल सहित 641. 800 मीटर है। चौड़ाई 15 मीटर रखी गई है। ब्रिज का निर्माण 21 करोड़ 38 लाख रुपये से हुआ है, जिसमें रेलवे का 64 मीटर हिस्सा और लोक निर्माण विभाग का हिस्सा 318 मीटर है। बता दें कि जिंसी चौराहे की ओर से जब वाहन आएंगे तो उन्हें सिग्नल के जरिए रोका जाएगा। हालांकि, यही से ब्रिज के ऊपर से आने वाले वाहन भी निकलेंगे। ऐसे में वाहन आपस में टकरा न जाए। इसके लिए डिवाइटर बनाने का काम पूरा हो गया है। विगत दिनों दोनों ओर से ट्रैफिक गुजारकर यह देखा गया कि ग्रीन और रेड सिग्नल कितने देर के लिए रखा जाए। बाइक-कार और हल्के वाहनों के साथ भारी वाहन भी गुजारकर देखे गए।

### इन्हें होगा फायदा

सुभाष नगर व रचना नगर अंडर ब्रिज के साथ अशोका गार्डन पर घंटों लगने वाले जाम की समस्या भी हल होगी। वहीं एमपी नगर और प्रभात चौराहा क्षेत्र से भोपाल स्टेशन, अशोका गार्डन व पिपलानी, गोविंदपुरा, एमपी नगर, रचना नगर की ओर आने-जाने वालों को सहुलियत होगी। इस ब्रिज का काम पूरा हो चुका है और सिर्फ औपचारिकता के तौर पर ब्रिज को शुरू करने की तैयारियां भी शुरू हो गई है।



# कोरोना का ग्रहण, बैरागढ़ में मांगलिक सीजन में भी पसरा सन्नाटा, व्यापारी चिंतित

**भोपाल संत हिरदाराम नगर।** कोरोना की पहली एवं दूसरी लहर के समय मंदी के दौर से गुजर चुके कपड़ा व्यापारियों की चिंता तीसरी लहर ने एक बार फिर बढ़ा दी है। कोरोना की तीसरी लहर के चलते मांगलिक सीजन होने के बावजूद बैरागढ़ के कपड़ा बाजार में सन्नाटा पसरा है। लाकडाउन के समय तो बाजार ही बंद था, लेकिन अब बाजार खुला होने के बावजूद अपेक्षित ग्राहकी नहीं है ।बढ़ते संक्रमण के कारण बाजार में भय का माहौल है। हाल ही में जिला प्रशासन ने शादी-ब्याह में सीमित उपस्थिति का आदेश जारी किया था। इसके बाद से बाजार में सन्?नाटे का माहौल है। व्यापारियों का कहना है कि लोग मांगलिक आयोजन सादगी से करने लगे हैं। जिन लोगों की रिश्तेदारी में दूसरे शहरों में शादी ब्याह होने हैं, वह भी अब कार्यक्रम निरस्त कर रहे हैं। इसका सीधा असर बाजार में खरीदी पर पड़ा है। लोग केवल जरूरत का कपड़ा ही खरीद रहे हैं। कपड़ा व्यापारी दिनेश वीधानी के अनुसार साड़ी, लहंगा एवं मैचिंग कपड़े की मांग कम हो गई है।

### फुटकर व्यापारियों ने भी दूरी बनाइ

थोक बाजार में कम खरीदी का दूसरा बड़ा कारण फुटकर व्यापारियों की उदासीनता माना जा रहा है। दरअसल बाजार में यह अफवाह है कि कोरोना संक्रमण के लगातार बढ़ते केसेस की वजह से कुछ समय में लाकडाउन लग सकता है।

हालांकि अधिकृत रूप से इसकी पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन अफवाह के बाद फुटकर व्यापारी स्टाक जमा करने से कतरा रहे हैं। प्रमुख व्यवसायी नरेंद्र लालवानी एवं दिलीप ज्ञानचंदानी के अनुसार फुटकर व्यापारी केवल मांग के अनुसार थोड़ी खरीदी कर रहे हैं, इससे थोक व्यापारियों के पास काफी स्टाक जमा हो गया है। टर्नओवर कम हो गया है।

# प्रभात चौराहे में रोटरी हटाने से अस्त-व्यस्त हुई व्यवस्था

**भोपाल।** राजधानी का प्रभात चौराहा। वैसे तो यहां एक घंटे में 15 हजार से अधिक वाहन गुजरते है लेकिन जब से यहां बनी रोटरी हटाई गई है। यह चौराहा एक बड़ा एक्सीडेंटल जोन के रूप में विकसित हो गया है। विगत एक महीने में यहां 35 से ज्यादा एक्सीडेंट हो चुके है। वह भी इसलिए क्योकि बेतरतीब प्लानिंग और ट्रैफिक व्यवस्था न पूरा चौराहा अस्त-व्यस्त हो जाता हैं। दरअसल, प्रभात चौराहे पर रायसेन रोड, एमपी नगर, गोविंदपुरा, 80 फीट रोड और पुलबोगदा का ट्रैफिक रहता है। रोटरी हटाने से यहां पर लगे सिग्नल भी काम नहीं कर रहे हैं। अभी सुबह और शाम के समय करीब 5 घंटे यहां पर ट्रैफिक जाम के हालात बनते हैं। कभी-कभी तो दिन में ही ट्रैफिक जाम हो जाते हैं। ऐसे में बड़े वाहनों के कारण स्थिति और बिगड़ जाती है। रोटरी हटने से सिग्नल संचालित किया जाना संभव हो सकेगा ऐसा कहा गया था लेकिन ऐसा नहीं हो पाया और यहां आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। बता दें कि ट्रैफिक के बढ़ते दबाव को देखते हुए 1 अक्टूबर 2018 को प्रभात चौराहे की रोटरी हटाने का निर्णय लिया था। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया की टीम ने सर्वे कर नगर निगम को 20 दिन में इसे हटाने का जिम्मा सौंप था। गत 1 अक्टूबर को नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया की टीम, नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस ने प्रभात चौराहे का निरीक्षण किया था। पूर्व मंत्री विश्वास सारंग ने टीम से बात करने के बाद भविष्य को ध्यान में रखते हुए इस रोटरी को हटाने को कहा था। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के ईई कुलदीप सिंह ने रोटरी को छोटा करने का भी प्रस्ताव दिया था। रोटरी को हटाए जाने का निर्णय होने के बाद इसकी पूरी जिम्मेदारी नगर निगम को सौंप दी गई थी।

# बीमार हुए संतरे

## घट गया उत्पादन, कीमतें आसमान पर




**भोपाल।** देश में इस साल संतरे की फसल कमजोर हुई है। इस कारण भाव में तेजी देखी जा रही है। पश्चिम बंगाल से मिली जानकारी के अनुसार, यहां अज्ञात बीमारी के कारण संतरे की फसल 10 से 15 फीसदी कम हुई है। नतीजा यह हुआ है कि यहां से संतरे बांग्लादेश व अन्य देशों में नहीं भेजे जा सके हैं। किसानों और संतरा कारोबारियों का कहना है कि जो फसल हुई है, वह स्थानीय स्तर पर ही पूर्ति नहीं कर पा रहे हैं। अब महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में होने वाली संतरे की फसल से उम्मीद है। इसके बीच माना जा रहा है कि इस साल संतरे के दाम ऊंचे रह सकते हैं। पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में संतरा उत्पादकों को कम उत्पादन के कारण कठिनाई का सामना करना पड़ता है। एक संतरा निर्यातक ने बताया कि किसी बीमारी के कारण उत्पादन बर्बाद हो गया है और 10-15त्न तक कम हो गया है। पहले हम बांग्लादेश और कोलकाता को निर्यात करते थे, अब हम केवल स्थानीय रूप से बेच रहे हैं। सरकार को इस मुद्दे के समाधान के लिए कदम उठाने चाहिए।

# बांधवगढ़ और कान्हा नेशनल पार्क में एयर सफारी होगी शुरू

## एयर सफारी में एयर क्राफ्ट उपयोग में लाए जाएंगे



**भोपाल।** मध्यप्रदेश के बांधवगढ़ और कान्हा नेशनल पार्क में एयर सफारी की शुरुआत की जाएगी। इसकी योजना तैयार कर ली गई है। इसको लेकर एरो स्पोर्टस एंड एडवेंचर्स कंपनी के सीइओ मनीष सैनी ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात की और योजना के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि एयर सफारी के लिए दो से 14 सीटर एयर क्राफ्ट उपयोग में लाए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने इस पहल की प्रशंसा की और उम्मीद जताई कि कोरोना की लहर थमते ही पर्यटन की गतिविधियों का विस्तार होगा। मंत्रालय में हुई इस मुलाकात में सैनी ने बताया कि एयर सफारी में जो एयर क्राफ्ट उपयोग में लाए जाएंगे, उनका निर्माण भी मध्य प्रदेश में हो, इसके प्रयास किए जा रहे हैं ।विमानन विभाग के सहयोग से दो माह में इस पर काम शुरू करने की योजना है। इसके साथ ही प्रथम स्पोर्टस एयर क्राफ्ट एयर शो करने पर भी विचार किया जा रहा है। एयर सफारी प्रारंभ होने से नेशनल पार्क के भ्रमण के लिए आने वाले पर्यटक हवाई पर्यटन का भी आनंद ले सकेंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री को एयर सफारी सेवा का शुभारंभ का आमंत्रण भी दिया

### कनिष्का और निधि एलएनसीटी आरजीपीवी नोडल ड्राप रोबॉल चैंपियनशिप के फाइनल में

**भोपाल।** आरजीपीवी नोडल ड्रॉप रोबॉल चैंपियनशिप में एलएनसीटी एक्सीलेंस की कनिष्का मिश्रा और बंसल कॉलेज की निधि राजपूत ने महिला एकल के फाइनल में प्रवेश कर लिया। इससे पहले डॉ.सुनील सिंह ओएसडी एवं आरके शर्मा डायरेक्टर मध्य प्रदेश ड्राप रोबॉल एसोसिएशन के आतिथ्य में शुभारंभ किया गया। महिला एकल में में कनिष्का ने फार्मेसी की सुनिधि को 11-9, 11-9 से हराकर फाइनल में स्थान बनाया। दूसरे सेमीफाइनल में निधि ने जेएनसीटी की सुरभि मिश्रा को 11-6, 11-8 से पराजित किया।



### पुरानी पेंशन पाने के लिए नए सिरे से आंदोलन का बिगुल फूंक सकते हैं कर्मचारी

**भोपाल।** पुरानी पेंशन प्रणाली की बहाली के लिए कर्मचारी एकजुट हो रहे हैं। इसके लिए वाट्सएप समूह समेत इंटरनेट मीडिया के अन्य माध्यमों का भी सहारा लिया जा रहा है। समूह आडियो काल पर भी रणनीति तैयार कर रहे हैं। कोरोना संक्रमण की स्थिति नियंत्रण में आने के बाद कर्मचारी पुरानी पेंशन व्यवस्था पुन लागू करने की मांग को लेकर कभी भी आंदोलन का बिगुल फूंक सकते हैं। कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधि पुरानी पेंशन को अपना अधिकार बता रहे हैं। यह भी कह रहे हैं कि नई पेंशन योजना से कुछ लाभ नहीं हो रहा है, बल्कि जीवन भर शासकीय विभागों में काम करने के बाद बूढ़ापे में नाममात्र की पेंशन मिलती है जिसमें इलाज तक नहीं करवा पाते हैं।

# नगरीय क्षेत्र में शामिल आबादी भूमि के अलग-अलग मिलेंगे पट्टे

**भोपाल।** नगरीय क्षेत्र में शामिल आबादी भूमि के अलग-अलग मिलेंगे पट्टे नगरीय क्षेत्रों में शामिल होने वाले ग्रामों की आबादी भूमि के अलग-अलग पट्टे दिए जाएंगे। एक ही भूखंड का आवासीय और व्यावसायिक उपयोग करने पर दो पट्टे लेने होंगे मध्य प्रदेश में घरेलू हिंसा की पीड़ित बालिका या महिला को मध्य प्रदेश सरकार आर्थिक सहायता देगी। इसके लिए घरेलू हिंसा की पीड़िता के लिए नई सहायता योजना लागू की जाएगी। महिला एवं बाल विकास विभाग ने इसका प्रस्ताव तैयार किया है, जिसे मंगलवार को होने वाली कैबिनेट बैठक में प्रस्तुत किया जाएगा। इसमें पीड़िता को शरीर के किसी भी अंग की क्षति 40 प्रतिशत से कम होने पर दो लाख और इससे अधिक होने पर चार लाख रुपये तक सहायता दी जाएगी। वहीं, चिकित्सा विशेषज्ञ के रिक्त पदों को भरने के लिए 25 प्रतिशत पद अब सीधी भर्ती के माध्यम से भरे जाएंगे। शेष पदों पर क्रमोन्नति का लाभ दिया जाएगा। कैबिनेट में 18 प्रस्तावों पर विचार किया जाएगा। महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में मध्य प्रदेश अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना लागू है लेकिन इसमें सभी प्रकार की हिंसा शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने घरेलू हिंसा की पीड़िता को सहायता देने का प्रविधान करने की घोषणा की थी। इसके अनुरूप योजना बनाई है। इसमें घरेलू हिंसा की शिकार बालिका या महिला को जिले के वन स्टाप सेंटर को प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआइआर) के साथ आवेदन देना होगा। प्रतिकर योजना में दोषसिद्ध पर ही पूर्ण मुआवजा राशि दी जाती है, जबकि नई योजना में ऐसी बाध्यता नहीं है। बैठक में स्वास्थ्य विभाग में विशेषज्ञ के 25 प्रतिशत पदों की पूर्ति सीधी भर्ती के माध्यम से करने के प्रस्ताव पर विचार किया जाएगा। मध्य प्रदेश में 3618 विशेषज्ञ के पद में से 2899 पद रिक्त हैं। दरअसल, विशेषज्ञ का पद पदोन्नति का है और इस पर वर्ष 2016 से रोक है। यदि यह हट भी जाती है तो भी 893 चिकित्सक ही पदोन्नत हो सकेंगे। जबकि, तीन वर्ष में 317 विशेषज्ञ चिकित्सक सेवानिवृत्त हो जाएंगे। इस स्थिति को देखते हुए विभाग ने विशेषज्ञों के 25 प्रतिशत यानी 904 पद सीधी भर्ती के माध्यम से भरने का प्रस्ताव तैयार किया। साथ ही पीजी चिकित्सकों को विभाग की सेवाओं के लिए आकर्षित करने के लिए चिकित्सा अधिकारी के पद पर कार्यग्रहण करने के दो साल बाद क्रमोन्त्र वेतनमान स्वीकृत किया जाएगा। इसी तरह पांच स्वशासी इंजीनियरिंग कालेज और 67 पालीटेक्निक में अतिथि व्याख्याता को प्रतिमाह 30 हजार रुपये मानदेन देने का प्रस्ताव है। पूर्व से कार्यरत व्याख्याताओं को अनुभव के बीस बोनस अंक दिए जाएंगे। बैठक में वर्ष 2022-23 के लिए आबकारी नीति के लिए पूरक प्रस्ताव लाया जा सकता है। वाणिज्यिक कर विभाग ने इसकी तैयारी कर ली है। इस बार छोटे समूहों में शराब दुकानें दी जाएंगी। मौजूदा ठेकेदारों को छोटे समूह में दुकानों के नवीनीकरण के लिए प्राथमिकता दी जाएगी। इसके बाद शेष दुकानें नीलाम की जाएंगी। देशी शराब दुकानों पर विदेशी शराब की बिक्री की अनुमति देने पर भी विचार किया जा सकता है। विभाग की ओर से इसकी अनुशंसा की गई है। उधर, गृह मंत्री डा.नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि नीति को लेकर बैठक हो चुकी है। अब इसे अंतिम निर्णय के लिए कैबिनेट में रखेंगे। नगरीय क्षेत्रों में शामिल होने वाले ग्रामों की आबादी भूमि के अलग-अलग पट्टे दिए जाएंगे। एक ही भूखंड का आवासीय और व्यावसायिक उपयोग करने पर दो पट्टे लेने होंगे। इसके लिए अलग-अलग शुल्क चुकाना होगा। गैस पीड़ित व उनके बच्चों को आयुष्मान निरामयम योजना में शामिल करना प्रस्तावित किया गया है। इसमें निश्शुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। एक साल में उपचार में पांच लाख रुपये से अधिक व्यय होने पर शेष राशि की प्रतिपूर्ति भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग करेगा।

### घरेलू हिंसा की पीड़िता को मध्यप्रदेश सरकार देगी चार लाख रुपये तक सहायता

### सीधी भर्ती से भरे जाएंगे विशेषज्ञ चिकित्सक के 25 प्रतिशत पद

### आबकारी नीति को लेकर आ सकता है प्रस्ताव

# दक्षिण अफ्रीका में सिर्फ एक बार वनडे सीरीज जीती है टीम इंडिया




**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका से टेस्ट सीरीज में हार के बाद अब टीम इंडिया अब वनडे सीरीज के खेलने के लिए उतरेगी। तीन वनडे मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला कल पार्ल में खेला जाएगा। टीम इंडिया जुलाई 2021 के बाद पहली बार वनडे सीरीज खेलेगी। पिछली बार जब टीम इंडिया श्रीलंका के खिलाफ वनडे खेली थी तब शिखर धवन कप्तान थे। अब रोहित शर्मा टीम के नियमित कप्तान बन चुके हैं, लेकिन अनफिट होने के कारण इस सीरीज में नहीं खेलेंगे। केएल राहुल उनकी जगह कप्तानी करेंगे। भारतीय टीम पहला और दूसरा वनडे पार्ल में खेला जाएगा। कल पहला और 21 को दूसरा मैच होगा। 23 जनवरी को केपटाउन में तीसरा वनडे मैच खेला जाएगा। टीम इंडिया की नजर अफ्रीकी जमीन पर लगातार दूसरी बार सीरीज जीतने पर होगी। पिछली बार टीम इंडिया ने 2018 में दक्षिण अफ्रीका को उसके घर में छह मैचों की सीरीज में 5-1 से हराया था।

## जानिए कब कौन रहा कप्तान?

**भारतीय टीम छठी बार अफ्रीकी जमीन पर वनडे सीरीज खेलेगी। आइए जानते हैं इससे पहले क्या-क्या हुआ-**

**1992**- भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच सात मैचों की सीरीज खेली गई। उसे अफ्रीकी टीम ने 5-2 से अपने नाम कर लिया था। तब उसके कप्तान केप्लर वेसल्स और भारत के कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन थे। दक्षिण अफ्रीका ने सीरीज के शुरुआती दो मैच जीते थे। टीम इंडिया को तीसरे मैच में जीत मिली थी। चौथा, पांचवां और छठा वनडे दक्षिण अफ्रीका जीता और आखिरी मैच में भारतीय टीम को जीत मिली थी।

**2006**-भारतीय टीम लंबे समय के बाद दक्षिण अफ्रीका में वनडे सीरीज खेलने गई थी। पांच वनडे मैचों की सीरीज को दक्षिण अफ्रीका ने 4-0 से अपने नाम कर लिया। भारत को एक बार फिर से निराशा हाथ लगी। जोहानिसबर्ग में पहला वनडे बारिश के कारण रद्द हो गया था। उसके बाद चार वनडे मैचों में दक्षिण अफ्रीका को जीत मिली। उस समय अफ्रीकी टीम के कप्तान ग्रीम स्मिथ और भारतीय टीम के कप्तान राहुल द्रविड़ थे।

**2011**- महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में इस बार टीम इंडिया पांच वनडे मैचों की सीरीज वहां खेली। ग्रीम स्मिथ मेजबान टीम के कप्तान थे। भारत को फिर से निराशा हाथ लगी। हालांकि, यह सीरीज पिछली दोनों सीरीज से ज्यादा रोमांचक रही। टीम इंडिया 2-3 से सीरीज हार गई।

**2013**- धोनी की कप्तानी में भारतीय टीम लगातार दूसरी बार दक्षिण अफ्रीका में सीरीज खेल रही थी। इस बार तीन मैच हुए। एबी डिविलियर्स की टीम दो मैचों को जीतकर सीरीज में विजेता बन गई। एक मैच में नतीजा नहीं निकला।

**2018**- भारतीय टीम ने दक्षिण अफ्रीका में इतिहास रच दिया। विराट कोहली की कप्तानी में भारतीय टीम पहली बार दक्षिण अफ्रीका में वनडे सीरीज जीतने में सफल रही। छह मैचों की सीरीज को टीम इंडिया ने 6-1 से अपने नाम कर लिया। इस बार मेजबान टीम के कप्तान फाफ डुप्लेसिस थे।

# लेवांडोव्स्की ने दागा 300वां गोल

## बायर्न म्यूनिख ने कोलन को एकतरफा मुकाबले में हराया



**नई दिल्ली।** रॉबर्ट लेवांडोव्स्की के हैट्रिक सहित रिकॉर्ड 300वें बुंदेसलीगा गोल के दम पर बायर्न म्यूनिख ने कोलन को एकतरफा मुकाबले में 4-0 से पराजित किया। लेवांडोव्स्की (9वें, 62वें, 74वें मिनट) के तीन गोल के अलावा एक गोल कोरेंटिन टॉलिसो (25वें मिनट) ने दागा। लेवांडोव्स्की बायर्न के लिए बुंदेसलीगा में 300 या इससे अधिक गोल दागने वाले सिर्फ दूसरे खिलाड़ी हैं। उनके अलावा थॉमस मूलर (365) ने ही यह मुकाम हासिल किया है। बायर्न की निगाह लगातार दसवें बुंदेसलीगा खिताब पर है। बायर्न के 19 मैचों में 15वीं जीत से 46 अंक हो गए हैं और वह शीर्ष पर कायम है। बोरुसिया डॉर्टमंड (40) दूसरे नंबर पर है।

### रिकॉर्ड 66वें मैच में गोल

बायर्न ने लगातार 66वें मैच बुंदेसलीगा मैच में गोल कर क्लब का नया रिकॉर्ड भी बनाया। इससे पहले टीम ने फरवरी 2018 से फरवरी 2020 के लगातार 65 मैचों में गोल किए थे।

### म्बापे का 101वां लीग गोल

काइलियान म्बापे और थिलो केहरर के दम पर पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने फ्रेंच लीग वन फुटबॉल में ब्रेस्ट को 2-0 से मात देकर शीर्ष पर अपनी स्थिति और मजबूत कर ली है। स्टार खिलाड़ी लियोनल मेसी और नेमार के बिना खेल रहे पीएसजी के लिए म्बापे ने 32वें और थिलो ने 53वें मिनट में गोल किए। म्बापे इस सत्र में कुल 19 जबकि लीग में दस गोल दाग चुके हैं। उनके फ्रेंच लीग के 126 मैचों में 101 गोल हो गए हैं।

# नडाल के पास 21वां ग्रैंडस्लैम जीतने का मौका

# सानिया-नादिया को मिली 12वीं वरीयता

## Australian Open 2022



**नई दिल्ली।** दिग्गज रोजर फेडरर और नोवाक जोकोविच की गैरमौजूदगी में अब राफेल नडाल के पास ऑस्ट्रेलियन ओपन की ट्रॉफी जीतकर इन दोनों से आगे निकलने का मौका है। इन तीनों के नाम 20-20 ग्रैंडस्लैम खिताब है। स्पेनिश स्टार नडाल अपने अभियान की शुरुआत सोमवार को अमेरिका के मार्कोस गिरोन के खिलाफ करेंगे। नडाल मेलबर्न में सिर्फ एक बार 2009 में चैंपियन बने हैं। वह अगर इस बार खिताब जीत जाते हैं तो ओपन युग में सभी ग्रैंडस्लैम दो या अधिक बार जीतने वाले दूसरे जबकि कुल चौथे खिलाड़ी बनेंगे। जोकोविच ने पिछले साल फ्रेंच ओपन की ट्रॉफी जीतकर यह उपलब्धि हासिल की थी। इसके अलावा ऑस्ट्रेलिया के रॉय एर्मसन और लॉड लेवर ही यह मुकाम हासिल कर पाए हैं। इन दोनों ने ऐसा ओपन युग (1968) से पहले किया है। अलेक्जेंडर ज्वेरेव अपना पहला मुकाबला डेनियल अल्तमायर के खिलाफ करेंगे। दुनिया के नंबर दो खिलाड़ी रूस के दानिल मेदवेदेव मंगलवार को हेनरी लाकसोनेन के खिलाफ खेलेंगे।

### बार्टी की टक्कर सुरेंको से

दुनिया की नंबर एक महिला टेनिस खिलाड़ी एशले बार्टी अपने अभियान की शुरुआत पहले दिन यूक्रेन की लेसिया सुरेंको के खिलाफ करेंगी। पच्चीस वर्षीय बार्टी ने दो ग्रैंडस्लैम (फ्रेंच ओपन 2019 और विंबलडन 2020) जीते हैं। लेकिन वह घरेलू सरजमीं पर मेजर जीतने के लिए बेताब होंगी। वर्ष 1978 में क्रिस ओ नील के बाद से किसी भी ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने यहां खिताब नहीं जीता है। गत चैंपियन जापान की नाओमी ओसाका कोलंबिया की कैमिला ओसोरियो के खिलाफ पहला मैच खेलेंगी। कोको गॉफ चीन की वांग कियांग से, विक्टोरिया अजारेंका हंगरी की पन्ना तो मारिया सकारी जर्मनी की तत्जाना मारिया के खिलाफ आगाज करेंगी। वहीं 24 साल (1998) में यह पहला मौका होगा जब विलियम्स बहनों सेरेना और वीनस में से कोई भी इस टूर्नामेंट में नहीं खेलेंगी

### सानिया-नादिया को मिली 12वीं वरीयता

अनुभवी भारतीय टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा और यूक्रेन की उनकी जोड़ीदार नादिया किचेनोक ऑस्ट्रेलियन ओपन में अपने अभियान की शुरुआत स्लोवेनिया की काजा जुवान और तमारा जिदानसेक की जोड़ी के खिलाफ करेगी। सानिया-नादिया को 12वीं वरीयता दी गई है। सानिया-नादिया ने साल के शुरुआती ग्रैंड स्लैम में आने से पहले एडिलेड डब्ल्यूटीए की दो स्पर्धाओं में भाग लिया है, जहां पहले में वे सेमीफाइनल तक पहुंचीं और दूसरे में पहले दौर में ही बाहर हो गईं। पुरुष युगल में 41 वर्षीय रोहन बोपन्ना और फ्रांस के उनके जोड़ीदार एडार्ड रोजर-वेसलिन इंडोनेशिया के क्रिस्टोफर रूंगकट और फिलीपींस के ट्रीट ह्यूई की जोड़ी के खिलाफ पहला मैच खेलेंगे। मिश्रित युगल का ड्रॉ अभी तक नहीं बना है। इसमें हालांकि बोपन्ना और सानिया के एक साथ प्रवेश करने की बहुत कम संभावना है। उनकी संयुक्त रैंकिंग एक टीम के रूप में इस प्रतियोगिता में प्रवेश करने के लिए पर्याप्त नहीं होगी।

# पंडित बिरजू महाराज की लाड़ली थी माधुरी दीक्षित

## जैकी श्रॉफ से हर 15 दिन पर होती थी बात





देश के मशहूर कथक सम्राट पंडित बिरजू महाराज का निधन हो गया है। सोमवार को 83 साल के बिरजू महाराज ने आखिरी सांसें लीं। पद्म विभूषण से सम्मानित बिरजू महाराज दिल्ली के साकेत अस्पताल में भर्ती थे, उन्हें दिल का दौड़ा पड़ा था। पूरा देश उनके इस तरह जाने से गमजदा है। पंडित बिरजू महाराज का नृत्य और गीत के साथ ही बॉलिवुड से भी खासा लगाव था। माधुरी दीक्षित और जैकी श्रॉफ उनके पसंदीदा कलाकार थे। दोनों से उनका गहरा रिश्ता था, जिस पर खुद उन्होंने भी बात की थी। माधुरी भी बिरजू महाराज को गुरु मानती थीं। माधुरी ने भी जब यह खबर सुनी तो उन्हें भी गहरा झटका लगा। ऐक्ट्रस ने इंस्टाग्राम पर पंडित जी को याद करते हुए एक इमोशनल पोस्ट भी लिखा है। जैकी श्रॉफ ने भी उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है।

### माधुरी ने महाराजजी के लिए लिखा इमोशनल पोस्ट

माधुरी ने सोमवार सुबह करीब 11:50 बजे इंस्टाग्राम पर बिरजू महाराज के साथ अपनी एक फोटो पोस्ट की और लिखा, वह एक लेजेंड थे, लेकिन उनमें बच्चों जैसी मासूमियत थी। वह मेरे गुरु थे, लेकिन मेरे दोस्त भी थे। उन्होंने मुझे नृत्य और अभिनय की पेचीदगियां सिखाईं। अपने मजेदार किस्सों पर मुझे हंसाने में वह कभी असफल नहीं हुए। वह अपने पीछे प्रशंसकों और छात्रों को दुखी छोड़ गए हैं, लेकिन उन्होंने एक विरासत भी छोड़ी है जिसे हम सभी आगे बढ़ाएंगे। आपने मुझे नम्रता, शान और शालीनता के साथ नृत्य में जो कुछ भी सिखाया, उसके लिए धन्यवाद महाराजजी।

### माधुरी से पंडितजी का था बेहद लगाव

पंडित बिरजू महाराज के दिलों में भी अपनी शिष्या माधुरी दीक्षित के लिए अथाह स्नेह था। पंडितजी ने कहा था, माधुरी दीक्षित मेरी सबसे फेवरिट में से एक हैं। वह मुझे गुरु मानती हैं। आज भी माधुरी मुझे अक्सर फोन करती है और पूछती है कि मैं मुंबई कब आऊंगा। जब भी मैं मुंबई जाता हूं तो वह मुझसे मिलने के लिए कहती हैं।

### हर 15 दिन पर जैकी श्रॉफ से होती थी बात

पंडित बिरजू महाराज ने एक इंटरव्यू में जैकी श्रॉफ का भी जिक्र किया था। वह कहते हैं, मेरे पसंदीदा कलाकारों की लिस्ट में जैकी श्रॉफ भी हैं। वह मेरा बहुत सम्मान करते हैं। हर 15 दिन पर वह मुझसे बात करते हैं। जैकी श्रॉफ ने भी इंस्टाग्राम स्टोरी पर पंडितजी के साथ अपनी एक तस्वीर पोस्ट की और उनकी आत्मा की शांति के लिए हाथ जोड़कर प्रार्थना की है।

# कभी-कभी इत्तेफाक से की गुनगुन उर्फ येशा रुघानी को हुआ कोरोना, तो अब शो की कहानी में होगा बदलाव!



टीवी सीरियल कभी-कभी इत्तेफाक से की लीड ऐक्ट्रेस येशा रुघानी को भी कोरोना हो गया है। इसके पहले डेलनाज ईरानी भी कोरोना संक्रमित पाई गई थीं। कोविड के लक्षण दिखाई देने पर उन्होंने अपना टेस्ट करवाया। रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद उन्होंने खुद को आइसोलेट कर लिया। साथ ही शो के भी कास्ट और क्रू मेंबर्स का भी टेस्ट हुआ और उनको आसोलेशन में भेज दिया गया। ऐक्ट्रेस के संक्रमित होने के बाद इसकी जानकारी BMC को भी दी गई। उनकी तरफ से प्रोटोकॉल्स के तहत सेट को पूरी तरह से सैनेटाइज किया गया। वहीं येशा मेडिकल ट्रीटमेंट ले रही हैं और होम क्वॉरंटीन हैं। कॉकक्रो और शाइका इंटरटेनमेंटट के प्रड्यूसर्स राजेश राम सिंह और प्रदीप कुमार ने अपना स्टेटमेंट जारी कर बताया कि वह पूरी टीम के संपर्क में हैं और उनकी सुरक्षा के लिहाज से सारे प्रबंध कर रहे हैं। साथ ही अधिकारियों द्वारा जारी सभी दिशा-निर्देशों का पालन भी कर रहे हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, शो की कहानी अभी येशा के इर्द-गिर्द ही घूम रही थी। लेकिन अब लीड के कोरोना होने के बाद मेकर्स को स्टोरीलाइन में हल्का-फुल्का बदलाव करना पड़ेगा। बता दें कि येशा शो में गुंगुन भटनागर का किरदार निभाती हैं। इसके पहले वह जीत गई तो पिया मोरे, मुस्कान और हीरो गायब मोड ऑन जैसे टीवी सीरियल्स में नजर आ चुकी हैं। टीवी करने के पहले येशा ने प्रियंका चोपड़ा, ईशा गुप्ता, मलाइका अरोड़ा जैसे बड़े सेलेब्स के लिए बतौर स्टाइलिस्ट काम किया है। येशा के पहले भी टीवी जगत के कई सितारे कोरोना संक्रमित पाए गए थे। नकुल मेहता, एकता कपूर, अनीता राज, दृष्टि धामी, नेहा पेंडेसे, शिखा सिंह, आएशा सिंह जैसे तमाम सेलिब्रिटी भी कोरोना की चपेट में आ गए थे।



# Bigg Boss की ये एक्स कंटेस्टेंट Oops Moment का शिकार, तस्वीरों ने मचाई

**नई दिल्ली।** बिग बॉस सीजन 14 में नजर आ चुकीं निक्की तंबोली हमेशा से ही सुर्खियों में रहती हैं, कभी वो अपनी बोल्ड तस्वीरें शेयर कर देती हैं तो कभी उनकी ड्रेसेज लोगों को बहुत ज्यादा पसंद आ जाती हैं, लेकिन इस बार निक्की ने जैसे ही अपनी तस्वीरें शेयर की तो उनका Oops Moment कैमरे में कैद हो गया। निक्की तंबोली ने सोशल मीडिया पर अपनी सफेद रंग की ड्रेस में तस्वीर शेयर की। इस तस्वीर में निक्की सफेद रंग के ट्राउजर के साथ टाइट क्रॉप टॉप पहने हुई हैं। जिसमें आस्तीन के पास साइड से एक्ट्रेस की काले रंग की ब्रा दिखाई दी और वो Oops Moment की चपेट में आ गईं।

### जमीन पर बैठी आई नजर



इन तस्वीरों को निक्की तंबोली ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है जिसमें निक्की जमीन पर बैठी हुई पोज देती नजर आ रही हैं। तस्वीर में एक्ट्रेस ओपन हेयर के साथ सटल मेकअप में दिखीं।

### पीले रंग की ड्रेस में बटोरी थी सुर्खियां

इससे पहले निक्की ने सोशल मीडिया पर पीले रंग की ड्रेस में सुर्खियां बटोरी थीं। इन तस्वीरों को निक्की ने खुद इंस्टाग्राम पर शेयर किया था, तस्वीरों में निक्की पीले और गोल्डन कलर के कॉम्बिनेशन में ड्रेस पहनी हुई थीं। निक्की ने अपनी ड्रेस में आगे की ओर कट लगाया हुआ था जिस पर लोगों की नजरें अटकीं।

### रुबीना दिलैक ने किया कमेंट

अपनी करीबी दोस्त निक्की की इस तस्वीर को देखकर रूबीना दिलैक खुद को रोक नहीं पाईं थीं और कमेंट कर दिया। रूबीना ने कमेंट में लिखा था- खूबसूरत।

### बिग बॉस सीजन 14 में आ चुकीं नजर

निक्की तंबोली कई साउथ की फिल्मों में नजर आ चुकी हैं, लेकिन उन्हें असल मायने में पहचान बिग बॉस सीजन 14 से मिली। इस सीजन में निक्की ना केवल अपने एटीड्यूड की वजह से लाइमलाइट में रहीं बल्कि अपने गेम प्लान से भी उन्होंने फैंस को अपना दीवाना बना दिया था। हालांकि वो इस शो की ट्रॉफी तो नहीं जीत पाई थीं लेकिन दूसरी रनरअप जरूर रहीं।



# तिलवारा में शातिर चोरों का कारनामा

**पड़ोस का दरवाजा लॉक कर नगदी 12500 और हजारों के जेवरात किए पार**

जबलपुर यश भारत । तिलवारा थानांतर्गत शास्त्री नगर अवनि बिहार स्थित एक घर का ताला तोड़कर चोरों ने नगदी और जेवरात पार कर दिए। घटना के वक्त मकान मालिक सतना गया हुआ था। वहां से वापस आने के बाद जैसे ही उसने अपने घर की हालत देखी तो उसके होश उड़ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाते हुए एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।शास्त्री नगर अवनि बिहार मकान नंबर 93 में रहने वाले जितेंद्र शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि पिछले कुछ दिनों से उसकी पत्नी पुश्तैनी घर सतना गई थी। जिसके चलते शुक्रवार शाम वह घर में ताला डालकर उन्हें लेने सतना चला गया और वहां से जब वापस आया तो घर का ताला टूटा हुआ देखकर उसके होश उड़ गए। चोरी की शंका मन में लिए जितेंद्र जैसे ही अंदर घुसा को पूरा घर फैला हुआ था। अंदर वाले कमरे में जाकर देखा तो अलमारी भी खुली पड़ी थी, जिसमें रखे 12,500 रुपए नगद और सोने-चांदी की जेवर गायब थे। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर आरोपियों के संबंध में जानकारी जुटाने का प्रयास कर रही है।


### - बाजू वाले घर में डाल दिया ताला

बताया जा रहा है कि चोर इतने शातिर थे कि उन्होंने जितेंद्र के घर में इत्मिनान से चोरी करने के लिए उसके प?ोसियों के घर में ताला डाल दिया, ताकि आहट मिलने से वे बाहर न आ पाएं। सुबह जब प?ोसियों ने अपना दरवाजा खोलना चाहा और नहीं खुला तो तो शक हुआ जिसके बाद ताला खोल कर देखा गया लेकिन तब तक चोरी हो चुकी थी पुलिस मामले की जांच करते हुए सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है

# लुटने से बच गया कछपुरा एसबीआई एटीएम

## योजना बनाते पांच पुराने बदमाशों को किया गिरफ्तार

**जबलपुर यश भारत ।** लॉर्डगंज थाना अंतर्गत कछपुरा स्थित एसबीआई एटीएम दरमियानी रात लुटने से बच गया । भूलन के पास स्थित मंदिर की आड़ में एटीएम को लूटने की योजना बनाते हुए 5 पुराने बदमाशों को पुलिस ने सोमवार की दरमियानी रात गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से सब्बल; देसी कट्टा सहित बड़ी मात्रा में हथियार बरामद किए। पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ जारी है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि दरमियानी रात सूचना मिली कि कछपुरा के पास स्थित एसबीआई एटीएम को लूटने की योजना है। आरोपी भूलन स्थित मंदिर की आड़ में खड़े होकर एटीएम लूटने की पूरी योजना बना रहे हैं। जिसके बाद पुलिस ने तत्काल घेराबंदी कर आरोपियों को दबोच लिया पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ जारी हैं। पुलिस की घेराबंदी के बावजूद मामले का मुख्य आरोपी मौके से फरार हो गया जिसकी सरगर्मी से तलाश जारी है।



### - जबलपुर के है सभी आरोपी

पुलिस कार्रवाई में दबोचे गए आरोपी राजा सोनी निवासी गोहलपुर सत्यम रजक हर्ष यादव सतीश सेन अंशुल केवटपनागर ;संजीवनी नगर आदि क्षेत्रों के हैं आरोपी बड़ी तादाद में हथियार लेकर एटीएम को लूटने ही जा रहे थे लेकिन मौके पर पुलिस पहुंच गई पुलिस को देख कर आरोपियों ने भागने का प्रयास किया लेकिन मुस्तैद पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

### - यह हथियार किए बरामद

पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों से छह कारतूस एक देसी कट्टा चाइना चाकू पेचकस सब्बल हथौड़ी और टॉर्च कब्जे से जप्त किए गए हैं प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि आरोपी पूर्व में अनेक वारदातों को अंजाम दे चुके हैं जिनके पकड़े जाने से अनेक वारदातों का खुलासा होने की संभावना है।

# यशभारत कार्यालय में ब्रह्मचारी स्वामी सुबुद्धानंद का अभिनंदन





**जबलपुर।** परम पूज्य द्विपीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज के निजी सचिव एवं मध्य प्रदेश मठ मंदिर सलाहकार समिति के अध्यक्ष ब्रह्मचारी सुबुद्धानंद जी महाराज सोमवार की शाम को यशभारत कार्यालय पहुंचे और कार्यालय में कुछ समय बिताया तथा परिवार जनों को आशीर्वाद दिया। वे यशभारत के संस्थापक आशीष शुक्ला के निवास भी पहुंचे जहां उनका शॉल श्रीफल वा पुष्पहारों से स्वामी सुबुद्धानंद जी महाराज का स्वागत किया । इस अवसर पर डॉ रश्मि शुक्ला, उदयभान सिंह, डॉ अभिजात त्रिपाठी, दीपेश त्रिवेदी, संजय पांडे, आचार्य आशुतोष दीक्षित मौजूद रहे।

# आसमान साफ

# ठिठुरा रहीं बर्फीली हवाएं

**जबलपुर, यशभारत ।** पहाड़ों में हो रही बर्फबारी का असर जबलपुर समेत समूचे अंचल में पड़ रहा है। भीषण सर्दी लोगों को ठिठुरा रही है। सुबह- सुबह घना कोहरा छा रहता है। वातावरण में ठंड का अहसास इतना ज्यादा है लोग ऊपर से लेकर नीचे से गर्म कपड़ों में दुबक कर निकल रहे हैं। मंगलवार को आसमान पूरी तरह से साफ हो गया और धूप खिली जिससे काफी राहत मिल रही है। सोमवार भी शीतलदिन रिकार्ड किया गया। उत्तरी हवाओं से अधिकतम के साथ न्यूनतम तापमान भी दो डिग्री तक गिर गया। ठंड से बचने के लिए लोग आग का सहारा ले रहे हैं। मंगलवार को सुबह से ठंडी हवाएं चलती रही। बादल हटे तो सूरज भी निकले, पर दो से तीन किमी प्रति घंटे की रफ्तार से बह रही बर्फीली हवाओं से सूरज के हौसले भी पस्त कर रही है। सूर्य देव ने धूप तो बिखेरी है लेकिन धूप का असर न के बराबर है। सर्द हवा के थपेड़े लोगों को सिहरा रहे है। वहीं मौसम विभाग ने पवर्ततीय इलाकों में हो रही बर्फबारी के असर से जबलपुर सहित संभाग के जिलों में मंगलवार को भी मध्यम व घने कोहरे के बीच शीतलदिन रहने की संभावना जताई है। यानी सर्दी अभी कुछ दिन और सितम ढाएगी। सोमवार को अधिकतम तापमान 19.6 डिग्री सामान्य से 5 डिसे कम रही। जबकि मंगलवार को न्यूनतम तापमान सामान्य से करीब 3 डिग्री की गिरावट के साथ 7.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। सुबह की आद्रता 94 प्रतिशत रही। मंगलवार को हर कोई ठंड से ठिठुरता रहा है।



### ठंड से राहत नहीं

जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के भौतिकी एवं कृषि मौसम से प्राप्त जानकारी के अनुसार जबलपुर में घने से मध्यम कोहरे का प्रकोप अभी बना रहेगा। उत्तर भारत से आने वाली सर्द हवाओं के कारण शीत लहर चल रही है। वर्तमान में कोई भी पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय नहीं है, अतः मौसम साफ रहेगा। आज सुहागी स्थित वि.वि. की मौसम वेधशाला में न्यूनतम तापमान 5.5डिसे एवं अधिकतम तापमान 19.5 डिसे दर्ज किया गया।



## उप्र भाजपा में कोई भगदड़ नहीं, फिर प्रचंड बहुमत से जीतेंगे,बीडी

**जबलपुर, ।** उप्र भाजपा में कोई भगदड़ नहीं मची है। चुनाव के दौरान इस तरह की घटना, दुर्घटनाएं होती रहती हैं। उप्र में फिर हम प्रचंड बहुमत से जीतेंगे। उक्त बात भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने यहां पत्रकारों से चर्चा में कही । उन्होंने कहा कि मप्र में पंचायतों के कार्य प्रभावित न हों, इसलिए पंचायत प्रतिनिधियों को पुन:अधिकार प्रदान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव पूरे प्रदेश में एक साथ कराए जाएंगे। मप्र में मुख्यमंत्री बदलने के सवाल पर श्री शर्मा ने कहा कि ऐसा कुछ नहीं है। हम फिर शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में चुनाव लडेंगे और सरकार बनाएंगे।

### कमल नाथ के वीडियो पर कसा तंज,

उन्होंने कहा कि मप्र में पंचायतों के कार्य प्रभावित न हों, इसलिए पंचायत प्रतिनिधियों को पुन- अधिकार प्रदान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव पूरे प्रदेश में एक साथ कराए जाएंगे। मप्र में मुख्यमंत्री बदलने के सवाल पर श्री शर्मा ने कहा कि ऐसा कुछ नहीं है। हम फिर शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में चुनाव लडेंगे और सरकार बनाएंगे। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव को कांग्रेस ने योजनाबद्ध तरीके से अवरुद्ध किया है। कांग्रेस ने लोकतंत्र को कमजोर करने का काम किया।

# जबलपुर में 6वीं मौत

## बीपी सहित कई गंभीर बीमारियों से ग्रसित थे वृद्ध, 453 नए कोविड संक्रमित मिले

जबलपुर,यशभारत। जबलपुर में कोरोना की तीसरी लहर में 6वीं मौत हुई है। 64 वर्षीय चौथा पुल निवासी वृद्ध कई गंभीर बीमारियों से पीड़ित थे। उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां उनकी मौत हो गई। 17 जनवरी को जिले में 5 हजार 122 सैंपल की जांच रिपोर्ट मिली। इसमें 453 नए संक्रमित मिले। एक दिन पहले मिले 593 की तुलना में संक्रमितों की संख्या कम है। वहीं 232 लोग डिस्चार्ज हुए हैं। अब एक्टिव केस की संख्या 2767 हो चुकी है। राहत की बात ये है कि इसमें से 60 लोग ही अस्पताल में भर्ती हैं। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डा. डीजे मोहंती ने बताया कि चौथापुल निवासी 64 वर्षीय बुजुर्ग को शैल्बी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बीपी, डायबिटीज व हृदय रोग से पीड़ित वृद्ध को 15 जनवरी को अस्पताल में भर्ती कराने के बाद उनके सैंपल की जांच कराई गई। जांच रिपोर्ट में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई। दो दिन बाद उनकी मौत हो गई। कोविड प्रोटोकाल के तहत उनका शव परिजनों को सौंपा गया। अस्पताल के चिकित्सकों ने हृदयघात से मौत की जानकारी दी है। मरीज की डेथ ऑडिट कराई जा रही है।



### पॉजिटिविटी रेट 10 प्रतिशत पहुंचा

जिले में पॉजिटिविटी रेट 10 प्रतिशत के लगभग पहुंच गया है। रविवार को जिले में 593 नए मरीज मिले थे। एक्टिव मरीजों की संख्या बढ़कर 2 हजार 767 पहुंच गई। सोमवार को 232 संक्रमित ठीक हुए हैं। सीएमएचओ डा. रत्नेश कुरारिया ने बताया कि कोरोना संक्रमण से उन्हें ज्यादा समस्या हो रही है जो पहले से अन्य गंभीर बीमारियों से पीड़ित हैं। खासकर बुजुर्ग अधिक सावधानी रखें।

# सड़क हादसे में एक अधेड़ की मौत

**जबलपुर।** कटंगी के भिलौदा क्षेत्र में सड़क हादसे में एक अधेड़ की मौत हो गई। उसकी बहू व दो वर्षीय नातिन हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए। हादसा दो मोटरसाइकिलों की टक्कर के कारण हुआ। एक मोटरसाइकिल पर अधेड़ अपनी बहू व नातिन के साथ सवार था। पुलिस ने बताया कि काफी हाउस के पीछे अधारताल निवासी इमरत लाल 48 वर्ष की बहू कुछ दिन पूर्व अपने मायके दमोह गई थी। इमरत लाल उसकी विदाई कराने के लिए दमोह गया था। जहां से वह बहू आरती व दो साल की नातिन को लेकर दमोह से जबलपुर आ रहा था। वह मोटरसाइकिल से भिलौदा गांव पहुंचा था तभी हादसे का शिकार हो गया। बोरिया की तरफ से पहुंची मोटरसाइकिल ने इमरत की मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। इमरत उसकी बहू व नातिन मोटरसाइकिल से गिर पड़े। हादसे को अंजाम देने वाला युवक भी सड़क पर गिरा परंतु उसके बाद मोटरसाइकिल लेकर वहां से भाग गया। हादसे की सूचना मिलते ही तमाम ग्रामीण मौके पर पहुंचे और 108 एंबुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस से तीनों को अस्पताल पहुंचाया गया जहां इमरत को मृत घोषित कर दिया गया।

# स्कूल शिक्षा विभाग की बड़ी गलती 26 जनवरी को प्री बोर्ड परीक्षा का पेपर रखा

**10वीं-12वीं के पेपर आयोजित होंगे**

**जबलपुर, यशभारत।** स्कूल शिक्षा विभाग ने जल्दबाजी में एक बहुत बड़ी गलती कर दी है। विभागीय अधिकारियों ने प्रीबोर्ड परीक्षा का एक पेपर 26 जनवरी को आयोजित कराने टाइम टेबिल में अंकित किया है। सोशल मीडिया में जारी हो रहे प्री बोर्ड परीक्षा टाइम टेबिल के बाद जिलो में हड़कंप मच गया है। दरअसल विद्यार्थियों का कहना है कि गणतंत्र दिवस पर जब अवकाश घोषित है तो फिर विभाग परीक्षाएं कैसे आयोजित करा सकता है।

### 12वीं का होमसाइंस और 10वीं का सामाजिक विज्ञान पेपर आयोजित होगा

लोक शिक्षण संचालनालय ने 10वीं-12वीं प्री बोर्ड परीक्षा टाइम टेबिल जारी किया है जिसमें दोनों परीक्षाएं 20 जनवरी से शुरू करने को कहा गया है। 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस है जिसमें राष्टीय अवकाश घोषित रहता है ऐसी स्थिति में लोक शिक्षण संचालनालय ने 12वीं का होमसाइंस तो 10वीं का सामाजिक विज्ञान पेपर आयोजित कराने का निर्णय लिया है।

### स्कूल से प्रश्नपत्र और उत्तर पुस्तिकाएं मिलेंगी

मध्यप्रदेश में 10वीं और 12वीं के प्री-बोर्ड एग्जाम घर से ही देना होंगे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के ऐलान के बाद स्कूल शिक्षा विभाग ने 20 जनवरी से इसे शुरू करने का शेड्यूल जारी कर दिया है। 10वीं और 12वीं के बच्चों को स्कूल से प्रश्नपत्र और उत्तर पुस्तिकाएं मिलेंगी। घर में बैठकर परीक्षा देने के बाद तय समय पर उत्तर पुस्तिकाएं स्कूल में जमा करनी होंगी। 9वीं और 11वीं क्लास के स्टूडेंट्स को अपनी होमवर्क कापी में प्रश्न बैंक से उत्तर हल करना होगा। उनका यही प्री-एग्जाम है।

# महिला आयुष चिकित्सक ने लगा ली फांसी

## पति के महिलाओं से थे अवैध संबंध

**जबलपुर, यश भारत।** शासकीय आयुष औषधालय कैमोरी पाटन में पदस्थ डा. कीर्ति जैन 32 ने डॉक्टर पति की प्रताड़ना से तंग आकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना ग्रीन सिटी माढ़ोताल की है। परिजनों ने मृतिका के पति पर यह आरोप लगाए हैं घटना के समय डा. कीर्ति घर पर अकेली थीं। करीब एक घंटा पूर्व उनके पति डा. स्वप्निल जैन बच्चों को लेकर विजयनगर स्थित अपने निजी औषधालय गए थे। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फांसी के फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कालेज अस्पताल पहुंचाया। पुलिस द्वारा हादसे की सूचना मिलते ही डा. कीर्ति के माता-पिता भोपाल से जबलपुर के लिए रवाना हुए।पुलिस का कहना है कि आत्महत्या के कारणों का पता लगाया जा रहा है। इधर, स्वास्थ्य विभाग महिला चिकित्सक की कोविड-19 में टेलीमेडिसिन ड्यूटी लगाने की तैयारी कर रहा था। जानकारी अनुसार ग्रीन सिटी निवासी डा. कीर्ति जैन कैमोरी में आयुष चिकित्सक पद पर सेवाएं दे रही थीं। उनके पति डा. स्वप्निल जैन अपने पांच साल के बेटे व दो साल की बेटी को लेकर विजयनगर स्थित होम्योपैथी औषधायल के लिए रवाना हुए। औषधालय पहुंचने के बाद उन्होंने एक कर्मचारी को एसी लाने के लिए अपने घर भेजा। कुछ देर बाद घर पहुंचे कर्मचारी ने उन्हें फोन पर सूचना दी कि घर का गेट भीतर से बंद है। घंटी बजाने पर भीतर से आवाज नहीं आ रही। डा. जैन ने किसी तरह गेट खोलकर भीतर जाने के लिए कहा। गेट खोलकर कर्मचारी कमरे में पहुंचा जहां डा. कीर्ति फांसी पर लटकी मिलीं।



**परिजनों की जुबानी-** अमित कुमार जैन निवासी भोपाल ने बताया कि वह मृतका के जीजा है वारदात के पूर्व मृतका ने अपने पति का कच्चा चिट्ठा खोलते हुए बताया था कि डॉ स्वप्निल के कई महिलाओं के साथ अवैध संबंध है जो कैमरे में भी रिकॉर्ड है डॉ स्वप्निल स्वयं का हॉस्पिटल संचालित करते हैं जहां लगे कैमरों की आंखों सेजम लटकाने अपने पति का दागदार चेहरा देखा तो टूट गई।

# श्रीमती विद्या पाण्डेय का निधन



**जबलपुर।** 706, विद्या-सदन अग्रवाल कॉलोनी खेरमाई मंदिर की गली निवासी जी.एस.कॉलेज के पूर्व प्राचार्य प्रो. नन्दकिशोर पाण्डेय की पत्नी समाजसेविका, लायनेस क्लब की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती विद्या पाण्डेय का अल्प बीमारी के बाद87 वर्ष की आयु में निधन हो गया ।आप डॉ. साधना तिवारी,डॉ वन्दना दुबे, इंजी.विनय पाण्डेय की माँ तथा डॉ.प्रकाश दुबे रा.दु .वि. वि. की सासु जी थीं ।अंत्येष्टि ग्वारीघाट मुक्तिधाम में की गई।


स्माईल्स by डॉ. शंकरन
व्यापक दंत चिकित्सा एवं मौखिक स्वास्थ्य देखभाल केन्द्र
केयर ऑफ मंजूषा नर्सिंग एवं मेटरनिटी होम किंग्सवे मेन रोड, सदर बाजार, जबलपुर (म.प्र.) 482001
0761-4098765, मो.9826110610
Website-www.smilesbydrshankaran.com
Email-info@smilesbydrshankaran.com
dr.abhilash@rocketmai.com
डॉ. अभिलाष शंकरन
बी.डी.एस., एम.डी.एस., (कंजर्वेटिव डेंटिस्ट्री एण्ड एंडोडोंटिक्स)
रजि नं. A- 1918
रूट कैनाल एवं सौंदर्य दंत चिकित्सा विशेषज्ञ
यहाँ दांतों की सभी प्रकार की बीमारियों का इलाज विशेषज्ञ द्वारा किया जाता है।
सुविधाएँ उपलब्ध :-
दंतों की नस का इलाज (रूट कैनाल ट्रीटमेंट), कॉस्मेटिक डेंटिल फिलिंग।, दंतों के पीलेपन का उपचार (डेंटल ब्लीचिंग)।, डेंटल एक्सरे।, दंतों की सफाई (स्केलिंग) एवं पायरिया रोग का उपचार।, फिक्स दॉत लगवाना (सिरामिक एवं मेटल)।, टेढ़े दातों का इलाज (आर्थोडोन्टिक ट्रीटमेंट)।, बत्तीसी लगवाना- फिक्स एवं निकालने वाली (डेन्चर)।, बच्चों के दांतों का इलाज (पीडोडोन्टिक ट्रीटमेंट)।, डेंटल इम्लांट।, डेन्टल ज्वेलरी।, सड़े हुए दातों को निकालना (डेंटल एक्सट्रैक्शन)।

आवश्यकता है हेल्थ एवं लाइफ इंश्योरेंस
विश्व की बहुचर्चित कंपनी में कार्य करने हेतु युवक एवं युवतियों की। मार्केटिंग वालों को प्रथम प्राथमिकता
योग्यता- 10वीं से स्नातक
शीघ्र संपर्क करें
वेतन 5 अंकों में
मो. 9300068860, 7987249262

श्री लक्ष्मी मेडिकल
यहां सभी प्रकार की दवाईयां उपलब्ध, साथ ही पायें 15 से70 प्रतिशत तक की छूट
त्रिवेणी हेल्थ केयर के सामने राइट टाउन स्टेडियम के पास
मो. 9977213219,7691912082

महाकौशल का सबसे आधुनिक ICU, जबलपुर में आपकी सेवा में 24 घण्टे
Life Care ICU. मुखर्जी हॉस्पिटल
डॉ अभिजीत मुखर्जी (वरिष्ठ हड्डी रोग एवं ट्रामा विशेषज्ञ)
डॉ हर्ष सक्सेना (वरिष्ठ न्यूरो सर्जन)
डॉ तरून नागपाल (वरिष्ठ न्यूरोलोजिस्ट)
डॉ विशाल वडेरा (वरिष्ठ किडनी रोग विशेषज्ञ)
डॉ एम. चंसौरिया (वरिष्ठ ICU विशेषज्ञ)
डॉ प्रशांत कुशवाहा (वरिष्ठ न्यूरो सर्जन)
डॉ पुनीत भल्ला (एम.डी. कार्डियोलॉजिस्ट)
डॉ अखिलेश पटेल (छाति एवं सांस रोग विशेषज्ञ एम.डी)
डॉ नेहा चंसौरिया B.D.S. M.D.S (वरिष्ठ दंत एवं जबड़ा रोग विशेषज्ञ)
हमारे यहां उपलब्ध विशेषज्ञों की टीम एवं सुविधाएं:-
पता:- 1933,प्रेम मंदिर के पास राइट टाऊन, जबलपुर, संपर्क सूत्र:-7049079825, 9300920067
हॉस्पिटल फोन:- 0761- 4038666, जबलपुर का प्रथम CRITICAL CARE हॉस्पिटल
E-mail:- lifecareicujbp@gmail.com
covid-19 संबंधित हर इलाज, सांस फूलना, फेफड़ों की बीमारी, महाकौशल का सबसे आधुनिक वेंटिलेटर उपलब्ध, हड्डी की चोट, सर की चोट, हेड इंज्यूरी, जहरीली वस्तु का सेवन, (POISON-UNIT) बर्न यूनिट, डायलिसिस सुविधा
उच्च स्तरीय ट्रेन्ड नर्सिंग- पैरा मेडिकल स्टाफ, भर्ती मरीजों के लिए डायटिशियन द्वारा बताया गया भोजन, नि:शुल्क उपलब्ध।

AN ISO 9001-2008 CERTIFIED Co.
मैरिज स्पेशल शूज
डीसेन्ट फुटवेयर
Exclusive Party Shoes
करमचंद चौक, जबलपुर
प्रो. आकाश श्रीवास्तव
मो.: 9425159114, 8982481114

प्रो. प्रेरणा रोहरा
कुल्हड़ वाला -गरमागरम
केसर दूध
सूखे मेवे से भरपूर
विजय नगर, एकता चौक, जेन्ट्री गेट के नीचे
शाम- 4 बजे से रात्रि 10 बजे तक (अवश्य पधारें) मो. 7974758785

लक्ष्मी एम्पोरियम के 38वें वर्ष में प्रवेश
खरीदी हेतु आमंत्रित
लक्ष्मी एम्पोरियम
लेडीज-जेंट्स शाल स्टाल, कश्मीरी सेमी पेशमीना, जमावार फैंसी रंग डिजाइन, मिंक कम्बल, रजाईयां, मैरिज सैट टॉवल, बेडकवर,
मझरहाई (दुर्गा मंदिर के सामने) 905 जवाहरगंज जबलपुर
फोन- 2481229, 2481944
एक बार अवश्य पधारें

अब नई श्रृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE | KATANGA CROSSING | NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

Roasted Food Junction
न्यू शो रूम
जनता साइकिल के बाजू से बड़ी ओमती चौक, जबलपुर
मकर संक्रांति के फ्रुट आयटम उपलब्ध
→चना →रेबड़ी →गजक →ड्रायफ्रूट
→नमकीन →तोस →लईया →लड्डू →भेल
AK's Special
मनोज संगतानी मो. 9301997304

अब नये परिवेश में
आफिस, शोरुम, निवास की सजावट के लिए पर्दा क्लाथ की नई रेंज, गृह शोभा के आइटम
न्यू लक्ष्मी एम्पोरियम
फ्लोरिंग एंड फर्निशिंग, पर्दा एवं सोफा क्लाथ, वाल पेपर मिंक कम्बल, मैरिज सेट टॉवल, रजाईयां।
दैनिक भास्कर के सामने 3 /15 सिविक सेंटर मढ़ाताल जबलपुर
फोन- 0761-2481262, 362
एक बार अवश्य पधारें



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन (0761) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)